उज्जैन
बुधवार
01
जुलाई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-238
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र

3 ▸ 64 सैंपल जांच के लिए भेजे तीन मौके पर ही फेल
7 ▸ फुटबॉल वर्ल्डकप में एमबाप्पे के डबल गोल से जीता फ्रांस

## मराठी थिएटर की दिग्गज निर्देशक विजय मेहता का निधन



**तमिलनाडु।** मराठी थिएटर को नई पहचान देने वाली सीनियर डायरेक्टर, अभिनेत्री और रंगकर्मी विजय मेहता का मंगलवार रात निधन हो गया। वह 92 साल की थीं। उम्र संबंधी बीमारियों के कारण उन्होंने दक्षिण मुंबई स्थित अपने घर पर अंतिम सांस ली। एक्टर विजय केंकरे ने उनके निधन की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि विजय मेहता का निधन रात करीब 9:30 से 10 बजे के बीच हुआ। केंकरे ने उन्हें अपना गुरु बताते हुए कहा कि यह उनके लिए व्यक्तिगत क्षति है। विजय मेहता ने नाटककार विजय तेंदुलकर, अभिनेता डॉ. श्रीराम लागू और रंगकर्मी अरविंद देशपांडे के साथ मिलकर चर्चित थिएटर ग्रुप 'रंगायन' की स्थापना की थी।

## राम मंदिर ट्रस्ट की अहम बैठक 6 जुलाई को भविष्य की रणनीति और नए नेतृत्व पर होगा मंथन

**अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की आगामी बैठक को लेकर हलचल तेज हो गई है। सूत्रों के अनुसार ट्रस्ट की महत्वपूर्ण बैठक 6 जुलाई को आयोजित किए जाने की संभावना है। यह बैठक ऐसे समय प्रस्तावित है, जब राम मंदिर के चढ़ावे में कथित अनियमितताओं के आरोपों, ट्रस्ट के दो वरिष्ठ पदाधिकारियों के इस्तीफे और संगठनात्मक पुनर्गठन की चर्चाओं ने नया राजनीतिक और धार्मिक विमर्श खड़ा कर दिया है। माना जा रहा है कि इस बैठक में ट्रस्ट के भविष्य की कार्ययोजना, प्रशासनिक ढांचे में संभावित बदलाव और रिक्त पदों पर नई नियुक्तियों जैसे अहम विषयों पर विस्तृत चर्चा हो सकती है।

## आदित्य ठाकरे के करीबी सचिन अहीर ने थामा एकनाथ शिंदे का साथ



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में मंगलवार को एक और बड़ा घटनाक्रम सामने आया, जब शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के विधान परिषद सदस्य और आदित्य ठाकरे के करीबी माने जाने वाले सचिन अहीर ने एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का दामन थाम लिया। हाल ही में पार्टी के छह सांसदों के अलग होने के बाद यह घटनाक्रम उद्धव ठाकरे गुट के लिए एक और बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। सचिन अहीर को महायुति की ओर से विधान परिषद के उपसभापति पद का उम्मीदवार भी बनाया गया है।

## दिल्ली में इजराइली दूतावास का कर्मचारी लिफ्ट में फंसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के वसंत विहार स्थित एक बिल्डिंग में मंगलवार दोपहर इजराइली दूतावास का कर्मचारी लिफ्ट में फंस गया। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक, दोपहर करीब 12:20 बजे घटना की सूचना मिली थी। दमकल विभाग ने तीन गाड़ियां मौके पर भेजीं। हालांकि, उनके पहुंचने से पहले ही दिल्ली पुलिस ने लिफ्ट में फंसे कर्मचारी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। शुरूआती जांच में सामने आया है कि तकनीकी खराबी के कारण लिफ्ट बीच में रुक गई थी, जिससे कर्मचारी कुछ देर तक अंदर फंसा रहा। घटना में उसे कोई चोट नहीं आई और मेडिकल सहायता की जरूरत भी नहीं पड़ी।

## ईरान बोला- होर्मुज हमारी सबसे बड़ी ताकत, पीछे नहीं हटेंगे



**तेल अवीव।** ईरान ने कहा है कि होर्मुज स्ट्रेट उसकी सबसे बड़ी ताकत है और इस पर उसका अधिकार बना रहेगा। ईरानी संसद स्पीकर मोहम्मद बाकर गालीबाफ ने कहा कि अमेरिका के साथ हुए समझौता ज्ञापन में समुद्री सेवाओं के टोल में 60 दिनों की छूट सिर्फ अस्थायी व्यवस्था है। ईरानी सरकारी मीडिया से बातचीत में गालीबाफ ने कहा कि होर्मुज ईरान के क्षेत्रीय जल का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका यह कहकर विवाद पैदा नहीं कर सकता कि ईरान ने इस स्ट्रेट का सैन्यीकरण कर दिया है।

## मणिपुर में कुकी-जो प्रदर्शनकारियों और सुरक्षाबलों की झड़प

**मणिपुर।** कांगपोकपी जिले में मंगलवार को कुकी-जो समुदाय के 500 से ज्यादा लोग प्रदर्शन मार्च के दौरान सुरक्षाबलों से भिड़ गए। प्रदर्शनकारी आवश्यक सामान की सप्लाई बहाल करने और राष्ट्रीय राजमार्गों से नाकेबंदी हटाने की मांग कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक, प्रदर्शनकारी इम्फाल पश्चिम के कांगलाटोंगबी की ओर बढ़ना चाहते थे, लेकिन उन्हें गमगीफाई इलाके में रोक दिया गया। इसी दौरान झड़प शुरू हो गई। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले छोड़े।

### बस ऋषिकेश से इंदौर जा रही थी, राजस्थान के दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बस आगे चल रहे ट्रेलर से भिड़े

# दोनों वाहनों में आग लगने से 6 लोग जिंदा जले

## 2 लोगों की सिर में चोट लगने के कारण हुई मौत, दावा- डिक्की में थे सिगरेट के बॉक्स, एक घंटे तक नहीं मिली मदद

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ दौसा**

राजस्थान के दौसा जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बस आगे चल रहे ट्रेलर से भिड़ गई। हादसे के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। एक्सीडेंट में कुल 8 लोगों की मौत हुई है। इनमें 6 लोगों की मौत आग में झुलसने और 2 की सिर में चोट लगने के कारण हुई है। हादसा कोलवा थाना क्षेत्र में मंगलवार देर रात करीब 2.30 बजे हुआ। बस ऋषिकेश से इंदौर जा रही थी। हादसे में 21 लोग घायल हैं। इन्हें दौसा जिला हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है। पुलिस को आशंका है कि बस ड्राइवर को झपकी आने के कारण एक्सीडेंट हुआ है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, एक ग्रामीण ने दावा किया कि- बस के स्टोरेज बॉक्स में सिगरेट के पैकेट भरे थे।



### मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने संवेदना व्यक्त की

सीएम भजनलाल शर्मा ने सड़क हादसे पर दुख व्यक्त करते हुए लिखा कि दौसा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर हुई सड़क दुर्घटना में जनहानि का समाचार पीड़ादायक है। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिजनों को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करता हूँ।

### अब तक 9 घायलों की पहचान

एसपी पीयूष दीक्षित ने बताया कि अब तक घायलों में से केवल 9 लोगों की पहचान हो सकी है। अन्य यात्रियों की पहचान और उनके परिजनों से संपर्क करने का प्रयास किया जा रहा है।

### तुरंत नहीं मिली मदद

- बस के पैसेंजर ने बताया कि स्लीपर हंस ट्रेवल्स की थी। मंगलवार शाम करीब 5 बजे बस ऋषिकेश से इंदौर के लिए निकली थी। एक्सीडेंट के तुरंत बाद बस में आग लग गई थी। करीब एक घंटे तक घायलों को कोई मदद नहीं थी।
- रेस्क्यू के लिए पहुंचे एक ग्रामीण ने बताया कि आग में फंसे पैसेंजर्स चीख-पुकार रहे थे। आग बुझाने के दौरान बस की डिक्की में सिगरेट से भरे कई बॉक्स नजर आए थे। आशंका है कि इनके कारण आग ज्यादा भड़की थी।

# आज से कॉमर्शियल सिलेंडर 180 सस्ता

## नायरा ने पेट्रोल के दाम 5 रुपये , डीजल के 3 रुपये घटाए

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

कॉमर्शियल सिलेंडर आज यानी 1 जुलाई से औसतम 180 रुपए सस्ता हो गया है। दिल्ली में ये 2930 रु. का मिल रहा है। वहीं अब पेट्रोल पंपों पर एक गाड़ी में एक दिन में सिर्फ 200 लीटर डीजल भरने की सीमा खत्म हो गई है। इसके अलावा अब पासपोर्ट बनवाना या री-इश्यू कराना महंगा हो गया है। सामान्य पासपोर्ट की फीस 1,500 रु. से बढ़कर 2,500 हो गई।

तेल कंपनियों ने कॉमर्शियल गैस सिलेंडर औसतन 180 रुपए तक सस्ता कर दिया है। दिल्ली में इसकी कीमत 2930 रु. हो गई है। पहले ये 3113.50 रु. में मिल रहा था।



अब पेट्रोल पंपों पर एक गाड़ी में एक दिन में सिर्फ 200 लीटर डीजल भरने की सीमा खत्म हो गई है, यानी अब आप अपनी गाड़ी में जितना चाहें उतना डीजल भरवा सकेंगे। इसके साथ ही फैक्ट्रियों और कॉमर्शियल खरीदारों पर लगी रोक भी हटा दी गई है। केंद्र सरकार ने पासपोर्ट की फीस में बढ़ोतरी की है, जो 1 जुलाई से लागू हो गई है। इससे पहले 2012 में पासपोर्ट की फीस बढ़ाई गई थी। यानी 14 साल बाद ये बढ़ोतरी हुई है। रेल मंत्रालय ने ट्रेन में बिना टिकट यात्रा करने पर लगने वाले न्यूनतम जुमार्ने को 250 रु. से बढ़ाकर 500 रु. कर दिया है। अब पकड़े जाने पर यात्री को टिकट के वास्तविक किराए के साथ कम से कम 500 रु. का चार्ज देना होगा।

**ट्रेन में बिना टिकट सफर पर दोगुना जुर्माना**

इसके अलावा, मामला मजिस्ट्रेट कोर्ट में जाने और दोषी पाए जाने पर अधिकतम 6 महीने की जेल, 1,000 रु. का जुर्माना या दोनों सजाएं हो सकती हैं। प्राइवेट फ्यूल रिटेलर कंपनी नयारा एनर्जी ने पेट्रोल 5 रुपए प्रति लीटर और डीजल 3 रुपए प्रति लीटर सस्ता कर दिया है। नयारा के देशभर में 7000 हजार रु. से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं। पिछले दो साल से ज्यादा समय में यह पहली बार है जब किसी कंपनी ने देश में पेट्रोल-डीजल के दाम घटाए हैं।

### आधार कार्ड में फ्री अपडेट

यूआईडीएआई ने 1 जुलाई से आधार कार्ड पर ईमेल एड्रेस को अपडेट कराने के लिए लगने वाली 75 रु. की फीस को हटा दिया है। यह सर्विस अगले छह महीने यानी 31 दिसंबर, 2026 तक मुफ्त रहेगी। इस समयसीमा के खत्म होने के बाद ही दोबारा चार्ज लिया जाएगा।

### कार खरीदना आज से महंगा

ज्यादातर ऑटोमोबाइल कंपनियों ने 1 जुलाई से अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। इसके तहत किया इंडिया ने अपने सभी वाहनों की रेंज में 2% तक की बढ़ोतरी की है, जबकि टाटा मोटर्स कीमतों में 1.5% तक की बढ़ोतरी करने जा रही है।

## बस और कार की टक्कर, पांच लोगों की मौत, कई घायल



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ कानपुर**

उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में बड़ा सड़क हादसा हुआ है। हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई है। हादसा बस और कार की टक्कर होने से हुआ। उत्तर प्रदेश के उन्नाव जिले में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा हादसा हुआ है। बुधवार सुबह करीब पांच बजे एक तेज रफ्तार बस अनियंत्रित होकर कार से टकरा गई। टक्कर के बाद बस डिवाइडर की ग्रिल तोड़ते हुए खंती में पलट गई, जिससे पांच लोगों की जान चली गई। यह दुर्घटना बांगरमऊ कोतवाली इलाके के 230.800 माइल स्टोन के पास हुई।

### गुजरात हाईकोर्ट बोला

# मैरिज सर्टिफिकेट से शादी नहीं मानी जाएगी

## हिंदू विवाह के लिए रस्में जरूरी, सात फेरे के बिना सिर्फ रजिस्ट्रेशन काफी नहीं

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ अहमदाबाद**

गुजरात हाईकोर्ट ने कहा कि सिर्फ मैरिज सर्टिफिकेट बन जाने से हिंदू विवाह नहीं माना जा सकता। शादी उसी स्थिति में मानी जाएगी, जब हिंदू मैरिज एक्ट के तहत तय रीति-रिवाज पूरे किए गए हों। जिन समुदायों में सात फेरे की परंपरा है, वहां उनके बिना विवाह पूरा नहीं माना जाएगा।

जस्टिस इलेश जे. वोरा और जस्टिस आर.टी. वच्छानी की खंडपीठ ने कहा कि मैरिज सर्टिफिकेट केवल पहले से हुई शादी का रिकॉर्ड होता है। वह अपने आप किसी विवाह को मान्यता नहीं देता। मामला ब्रिटेन में रहने वाले एक व्यक्ति की अपील से जुड़ा है। उसका आरोप है कि अहमदाबाद की एक महिला ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर उससे डॉक्यूमेंट्स पर साइन लेकर फर्जी तरीके से मैरिज सर्टिफिकेट बना लिया। दोनों के बीच कभी शादी नहीं हुई। सुनवाई के दौरान महिला ने फैमिली कोर्ट में माना कि शादी की कोई रस्म नहीं हुई थी। उसने यह भी स्वीकार किया कि दोनों कभी पति-पत्नी की तरह साथ नहीं रहे। इसके बावजूद फैमिली कोर्ट ने सिर्फ मैरिज सर्टिफिकेट के आधार पर व्यक्ति की अर्जी खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने यह आदेश रद्द करते हुए कहा कि जब शादी की जरूरी रस्में ही नहीं हुईं, तो सिर्फ रजिस्ट्रेशन के आधार पर उसे हिंदू विवाह नहीं माना जा सकता।

# वेनेजुएला से बिना रिपोर्ट भारत भेजे गये शव का नहीं मिला दिल, दिमाग और फेफड़ा

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

वेनेजुएला में मृत भारतीय नाविक राकेश चौहान के शव के भारत पहुंचने के बाद हुए पोस्टमार्टम में सभी प्रमुख आंतरिक अंग गायब होने का दावा किया गया है। वहीं, फॉरवर्ड सीमेन्स यूनियन ऑफ इंडिया ने मौत की परिस्थितियों पर सवाल उठाते हुए वेनेजुएला के अधिकारियों की भूमिका की निष्पक्ष जांच, पूरी पोस्टमार्टम रिपोर्ट सार्वजनिक करने और भारतीय दूतावास के हस्तक्षेप की मांग की है। वेनेजुएला में भारतीय नाविक राकेश चौहान की मौत के बाद उनके शव को बिना विस्तृत जानकारी और कथित तौर पर स्थानीय पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपलब्ध कराए उत्तर प्रदेश स्थित उनके गृहनगर भेजे जाने का मामला सामने आया है। फॉरवर्ड सीमेन्स यूनियन ऑफ इंडिया के अनुसार, भारत में हुए आधिकारिक पोस्टमार्टम में दावा किया गया कि शव के भीतर कोई भी प्रमुख आंतरिक अंग मौजूद नहीं था। रिपोर्ट के मुताबिक, दिमाग, दिल, दोनों फेफड़े, लिवर, किडनी, प्लीहा, अग्न्याशय, पेट, आंतें, थायराइड, हायोइड, लैरिंक्स और ट्रेकिया सहित कई महत्वपूर्ण अंग नहीं मिले।

### उज्जैन के हजारों अधिकारी-कर्मचारियों के लिए राहत की उम्मीद

# 9 साल बाद पदोन्नति प्रक्रिया की तैयारी तेज

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

मध्यप्रदेश में पिछले करीब नौ वर्षों से पदोन्नति का इंतजार कर रहे दो लाख से अधिक अधिकारी-कर्मचारियों के लिए राहत की उम्मीद जगी है। इसका सीधा लाभ उज्जैन संभाग और जिले के हजारों अधिकारी-कर्मचारियों को भी मिल सकता है, जिनकी पदोन्नति लंबे समय से न्यायालय में लंबित प्रकरणों के कारण अटकी हुई हैं। अब सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने पदोन्नति प्रक्रिया को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं।

सोमवार को मंत्रालय में सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा पदोन्नति से जुड़े मामलों पर उप सचिव स्तर के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश के 20 प्रमुख विभागों को निर्देश दिए गए कि वे मध्य प्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 के प्रावधानों के अनुरूप वर्ष 2029 तक की अद्यतन वरिष्ठता सूची तैयार कर जल्द उपलब्ध कराएं। साथ ही प्रत्येक विभाग को अपने अधिकारी-कर्मचारियों का वर्गवार विस्तृत ब्यौरा भी प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है। विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अनारक्षित वर्ग के अधिकारी-कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची अलग-अलग तैयार की जाए, ताकि न्यायालय का अंतिम निर्णय आने के बाद पदोन्नति प्रक्रिया में किसी प्रकार की प्रशासनिक या तकनीकी बाधा न आए। सरकार का उद्देश्य है कि फैसला आते ही बिना किसी देरी के पदोन्नति आदेश जारी किए जा सकें।

# 5 फीट से अधिक लंबे सांप का मनीष ने किया रेस्क्यू

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर रोड**

पंजाबी सिख समाज इलेक्ट्रॉनिक तथा किसान पाइप विक्रेता के यहां 5 फीट से अधिक लंबे सांप सर्प पकड़ने में विशेषज्ञ मनीष मसीह ने रेस्क्यू कर जंगल में सकुशल छोड़ दिया। सिख समाज के युवा जसप्रीत सिंह मक्कड़ ने बताया उनके प्रतिष्ठान/सह निवास पर बारिश की वजह से घर के बाहर बरामजे में रखें प्लास्टिक के पाइप के नीचे आकर बैठ गया, सांप के आने की जानकारी मिलने पर जसप्रीत ने सर्प पकड़ने में विशेषज्ञ मनीष मसीह को मोबाइल पर सांप खाने की सूचना दी। मनीष ने तुरंत घटना स्थल पर पहुंचकर 5 फीट से अधिक लंबे सांप का रेस्क्यू कर उसे जंगल में सकुशल छोड़ा। सर्प पकड़ने में विशेषज्ञ मनीष ने बताया बारिश होने की वजह से चूहे के बिलों में पानी भरने से तथा चूहों के बिल भरने की वजह से बंद होने से सुरक्षित स्थानों पर जाने का प्रयास करते हैं। मनीष ने बारिश के दिनों में नगर वासियों से अधिक से अधिक सावधान रहने का आग्रह किया। बता दें कि मनीष जैसे ही नगर सहित आसपास के गांव में सांप के आने की सूचना मिलती है, स्वयं की दो पहिया गाड़ी से संबंधित परिवार के यहां पहुंचकर सांप को पकड़ कर जंगल में जाकर सब कुशल छोड़ देते हैं। कई बार तो मनीष संबंधित से उनके यहां जाने आने तक के पेट्रोल का खर्च भी लेने से इंकार कर देते हैं।



# कसारी और आसपास के गांवों के किसानों ने की दोबारा बुवाई



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर रोड**

जिन किसानों ने वर्षा ऋतु के पहले पानी बरसने के तत्काल बाद अपने खेतों में सोयाबीन तथा अन्य उपजन वाली फसलों की बुवाई का कार्य कर दिया था। उन्होंने मंगलवार और बुधवार को एक बार फिर से अपने खेतों में बीजों की बुवाई की।

किसान वीरेंद्र सिंह, राम सिंह, पदमलाल, कनीराम तथा अन्य ने बताया बारिश के बाद उम्मीद थी कि फसल की बुवाई के बाद एक बार फिर से पानी बरसेगा लेकिन तेज धूप में किसानों के माथे पर सिलवटे पैदा कर दी। इधर शनिवार-रविवार को खेतों में बीजों की बुवाई के बाद तेज बारिश ने खेतों में बोये गये बीजों को खेतों में पानी भरने से गहरी मिट्टी में दबा दिया, जिसके चलते बीज अंकुरित नहीं हो पाये सही उपज नहीं होने की आशंका से आशंकित किसानों ने मंगलवार तथा बुधवार को एक बार फिर अपने ट्रैक्टर खेतों में उतरकर की बीजों की बुवाई का कार्य किया।




## खबर एक नजर...

### महर्षि पाणिनी विवि के दीक्षांत समारोह में शिवानी ने मेरिट सूची में पाया सातवां स्थान

**उज्जैन।** महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिवानी शर्मा ने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रावीण्य सूची में जगह बनाई है। शिवानी ने एमए संस्कृत के अंतर्गत ज्योतिर्विज्ञान में 86.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण कर मेरिट में सातवां स्थान प्राप्त किया है। मंगलवार 30 जून को आयोजित इस दीक्षांत समारोह में शिवानी को उनकी इस विशेष उपलब्धि पर राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलगुरु द्वारा मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्योतिर्विज्ञान विषय में उत्कृष्ट प्रदर्शन के साथ ही शिवानी ने वास्तु एवं मंदिर प्रबंधक की परीक्षा में भी प्रथम श्रेणी प्राप्त की है।

### तीन पीढ़ियों ने एक साथ पौधे रोपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**उज्जैन।** वट पूर्णिमा के अवसर पर दीप ज्योति वेलफेयर सोसाइटी की ओर से नानाखेड़ा स्थित दीपज्योति सेवा उद्यान में वृहद वृक्षारोपण एवं उद्यान जीर्णोद्धार अभियान आयोजित किया गया। 'एक पेड़ उज्जैन के विकास के नाम' संकल्प के तहत उद्यान में बड़े व छायादार पौधे रोपे गए। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि संस्था परिवार की तीन पीढ़ियों ने एक साथ पौधे रोपकर प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। सोसाइटी अध्यक्ष डॉ. दीपक जैन ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना और शहर में हरियाली बढ़ाना है। इस अवसर पर नगर निगम उपयंत्री प्रवीण वाडिया, वरिष्ठ समाजसेवी राकेश भार्गव, गौरव पटवा, संस्था संरक्षक कैलाश श्रीमाली, सुभाष जैन, मधुबाला श्रीमाली, शशि जैन, बबीता पाराशर और अनुराधा राधा गायकवाड़ सहित संस्था के अन्य सदस्यों ने पौधारोपण कर पर्यावरण सहेजने का संकल्प लिया।

### विक्रम विवि परिसर में सीए ब्रांच ने किया पौधरोपण

**उज्जैन।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्यएक पेड़ मां के नामह्न अभियान के तहत आईसीएआई उज्जैन ब्रांच ने विक्रम विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। 1 जुलाई को आगामी चार्टर्ड अकाउंटेंट्स स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस कार्यक्रम में शाखा पदाधिकारियों और सदस्यों ने पौधे रोपे और उनकी नियमित देखभाल का संकल्प लिया। उज्जैन ब्रांच के अध्यक्ष सीए आशीष तोतला ने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में शाखा द्वारा विभिन्न सामाजिक, पर्यावरणीय एवं जनहित से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में विवि परिसर में यह आयोजन हुआ। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना और आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण का निर्माण करना है। अध्यक्ष तोतला ने कहा कि चार्टर्ड अकाउंटेंट्स केवल वित्तीय एवं व्यावसायिक क्षेत्र तक सीमित नहीं हैं, बल्कि समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी भी पूरी निष्ठा से निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने आमजन से भी आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। अंत में सभी ने अधिक से अधिक पौधे रोपकर प्रकृति संरक्षण में योगदान देने का संकल्प लिया।

### उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड हाईवे के भूमि अधिग्रहण पर हाईकोर्ट ने दिया यथास्थिति का आदेश

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ ने उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाईवे परियोजना के तहत भूमि अधिग्रहण मामले में किसानों को बड़ी राहत दी है। न्यायालय ने ग्राम मंगरोला, सोडंग और झिरनिया के किसानों की याचिका पर सुनवाई करते हुए विवादित भूमि पर यथास्थिति बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। याचिकाकताओं की ओर से न्यायालय में उपस्थित अधिवक्ता विशाल चौहान और आशुतोष जगताप ने तर्क दिया कि भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही उचित मुआवजा और पारदर्शिता अधिनियम 2013 के अनिवार्य प्रावधानों का पालन किए बिना की गई है। याचिका में बताया गया कि किसानों ने वैकल्पिक मार्ग, शासकीय भूमि के उपयोग और इंटरचेंज डिजाइन में बदलाव को लेकर आपत्तियां और सुझाव दिए थे, जिन पर प्रशासन द्वारा विधिसम्मत विचार नहीं किया गया। इन तर्कों और तथ्यों के आधार पर न्यायालय ने भूमि के संबंध में यथास्थिति बनाए रखने का महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित किया। अधिवक्ता विशाल चौहान ने बताया कि उच्च न्यायालय के इस फैसले से मंगरोला, सोडंग और झिरनिया के प्रभावित किसानों को एक बड़ी और महत्वपूर्ण अंतरिम राहत मिली है।

### 6 सूत्रीय मांगों को लेकर पेंशनर्स ने कोठी पैलेस पर किया प्रदर्शन


**उज्जैन।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला इकाई ने अपनी 6 सूत्रीय मांगों को लेकर मंगलवार दोपहर 1 बजे कोठी पैलेस पर धरना दिया और रैली निकाली। इसके पश्चात मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान लगभग 250 पेंशनर्स मौजूद रहे। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि सरकार द्वारा उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो आगामी 22 जुलाई को भोपाल में प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन किया जाएगा। आज के इस धरना-प्रदर्शन में विद्युत मंडल संघ और मध्य प्रदेश राज्य पेंशनर कर्मचारी संघ ने भी अपना समर्थन देते हुए सहभागिता की।

# अंतरराष्ट्रीय 'क्लिनिकल मल्टी-ओमिक्स सिम्पोजियम 2026' संपन्न

## प्रिसिजन मेडिसिन और मल्टी-ओमिक्स से मिलेगी कैंसर व हृदय रोगों को मात

### वैश्विक सहयोग से तय होगी स्वास्थ्य सेवाओं की नई दिशा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन




आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में हो रहे वैश्विक नवाचारों और प्रिसिजन मेडिसिन के जरिए भविष्य में कैंसर, हृदय रोग और मधुमेह जैसी जटिल बीमारियों का सटीक व व्यक्तिगत उपचार अधिक प्रभावी होगा। आर. डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज और आईआईटी बॉम्बे के संयुक्त तत्वावधान में नाद ब्रह्मा कन्वेंशन सेंटर में आयोजित क्लिनिकल मल्टी-ओमिक्स सिम्पोजियम 2026 में देश-विदेश के अग्रणी वैज्ञानिकों ने इस बात पर जोर दिया। एडवांस्ड प्रिसिजन मेडिसिन मल्टी-ओमिक्स टू सेलुलर थेरेपी विषय पर हुए इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अमेरिका, कनाडा, स्वीडन और भारत के प्रतिष्ठित शोधकताओं ने आधुनिक चिकित्सा के नवीनतम आयाम साझा किए।

यूसीटीएचआरसी के अध्यक्ष डॉ. एस. बी. गवारिकर ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मेडिकल डायरेक्टर डॉ. वी. के. महाडिक ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि चिकित्सा शिक्षा और अनुसंधान में वैश्विक सहयोग ही भविष्य की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा। ऐसे आयोजन मध्यप्रदेश को अंतरराष्ट्रीय शोध के मानचित्र पर स्थापित करने में अहम भूमिका निभाएंगे।

### हैंड्स-ऑन वर्कशॉप में मिली आधुनिक तकनीकों की जानकारी

सम्मेलन में प्रदेश भर के चिकित्सकों, शोधकताओं और मेडिकल विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान पैनल डिस्कशन और हैंड्स-ऑन वर्कशॉप भी हुई, जिसमें प्रतिभागियों ने आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। विशेषज्ञों ने स्पष्ट किया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बायोइन्फॉर्मेटिक्स और सेलुलर थेरेपी के समन्वय से दुर्लभ आनुवंशिक रोगों के निदान और नई दवाओं के विकास को गति मिलेगी।

**पैथोलॉजी विभाग ने किया सफल नेतृत्व-** इस अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन का संचालन आर. डी. गार्डी मेडिकल कॉलेज के पैथोलॉजी विभाग द्वारा किया गया। आयोजन का नेतृत्व पैथोलॉजी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू पुरोहित और एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. गौतम गोपाल भागवत ने किया। इस सफल आयोजन ने चिकित्सा अनुसंधान और अकादमिक सहयोग के क्षेत्र में संस्थान के साथ-साथ मध्यप्रदेश को एक नई वैश्विक पहचान दिलाई है।

### विदेशी और भारतीय विशेषज्ञों ने साझा किए शोध अनुभव

सिम्पोजियम के दौरान अमेरिका की एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी के डॉ. जोशुआ ला-बेयर ने क्लिनिकल प्रोटीओमिक्स और प्रिसिजन मेडिसिन के नवीनतम शोध पर व्याख्यान दिया। यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया सैन फ्रांसिस्को अमेरिका के डॉ. हरिश वासुदेवन ने कैंसर में जीन आधारित उपचार की आधुनिक अवधारणाओं पर प्रकाश डाला। स्वीडन के केटीएच रॉयल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के डॉ. जोचेन मार्टिन श्वेक ने क्लिनिकल प्रैक्टिस में मल्टी-ओमिक्स तकनीकों को लागू करने पर जोर दिया। इसी तरह कनाडा की यूनिवर्सिटी ऑफ मैनिटोबा के डॉ. संजीव ढींगरा ने हृदय रोगों में मल्टी-ओमिक्स आधारित अनुसंधान की उपयोगिता बताई।

## लायंस क्लब उज्जयिनी के नए अध्यक्ष बने अरविंद गुमास्ते, कार्यकारिणी ने ली शपथ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर के प्रतिष्ठित सेवा संगठन लायंस क्लब उज्जयिनी के नवीन सत्र 2026-27 का संस्थापन एवं शपथ ग्रहण समारोह सामाजिक विज्ञान शोध संस्थान के ऑडिटोरियम में सम्पन्न हुआ। समारोह में वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर-2 संजय सक्सेना ने क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अरविंद गुमास्ते सहित नवगठित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

समारोह के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल के अध्यक्ष ओमप्रकाश जैन थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि समाज में जब भी सेवा कार्यों की आवश्यकता होती है, तो सबसे पहले लायंस क्लब का नाम याद आता है। उन्होंने लायंस क्लब उज्जयिनी को क्षेत्र के समस्त लायंस क्लबों का पितामह बताते हुए संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा की और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए नई टीम को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन और दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। वीके श्रीवास्तव ने ध्वज वंदना का वाचन किया। इसके बाद सत्र 2025-26 के अध्यक्ष शिव बंसल ने स्वागत भाषण देते हुए वर्षभर की प्रमुख सेवा गतिविधियों की जानकारी दी। सचिव ने पिछले सत्र का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम संयोजक राजेंद्र सिरोलिया ने शपथ अधिकारी संजय सक्सेना का परिचय कराया।

## 40 वर्ष की सेवा के बाद एपीसी राजेंद्र शुक्ला सेवानिवृत्त, मॉर्निंग वॉक सदस्यों ने किया सम्मान

### खाकचौक स्थित राम मंदिर में अंगवस्त्र भेंट कर दी विदाई,

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ सहायक जिला परियोजना समन्वयक (एपीसी) राजेंद्र शुक्ला 40 वर्ष की सुदीर्घ शासकीय सेवा के बाद सेवानिवृत्त हो गए हैं। इस अवसर पर मंगलनाथ अंकपात मार्ग प्रातः कालीन भ्रमण मंडल (मॉर्निंग वॉक ग्रुप) के सदस्यों ने खाकचौक स्थित राम मंदिर परिसर में उनका आत्मीय अभिनंदन कर विदाई दी।

सम्मान समारोह में भाजपा के वरिष्ठ नेता व पत्रकार डॉ. घनश्याम शर्मा ने श्री शुक्ला के जीवन और कार्यकाल पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि राजेंद्र शुक्ला ने वर्ष 1986 में महिदपुर रोड स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से उच्च श्रेणी शिक्षक के रूप में अपनी शासकीय सेवा प्रारंभ की थी। इसके पश्चात उन्होंने रतलाम के सांगोद रोड, उज्जैन के महाराजवाड़ा क्रमांक एक, नांदेड़ और तोपखाना स्थित उर्दू स्कूल में शिक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दीं।

जनवरी 1998 में पदोन्नत होकर वे शासकीय माध्यमिक विद्यालय नूतन के प्रधानाध्यापक बने। उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इंगोरिया में पदस्थापना के दौरान उन्होंने गणित का शिक्षक होने के बावजूद विद्यार्थियों को भौतिकी, रसायन और अंग्रेजी जैसे विषय भी पूरी कुशलता से पढ़ाए। इसका परिणाम यह रहा कि स्कूल के शत-प्रतिशत विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। वर्ष 2015 में वे एपीसी के पद पर पदस्थ हुए थे, जहां से मंगलवार को वे सेवानिवृत्त हो गए।

मॉर्निंग वॉक मंडल के सदस्यों ने श्री शुक्ला को भगवान श्री महाकालेश्वर का अंगवस्त्र ओढ़ाकर, पुष्पमाला पहनाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। सभी ने शासकीय सेवा से निवृत्त होकर सामाजिक और पारिवारिक जीवन में प्रवेश करने पर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर मनसुख लाल झवर, डॉ. घनश्याम शर्मा, महेंद्र जैन, प्रदीप वैष्णव, हीरालाल सोलंकी, बसंत नीमा, गिरीश आर्य, मनीष जैन, महेश चौहान और दयाशंकर मालवीय सहित अन्य साथी उपस्थित थे।

## पूनम अवार्ड सेरेमनी में 380 प्रतियोगियों ने दिखाया हुनर, बॉलीवुड आर्टिस्ट ने सिखाए मेकअप के गुर

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शहर के इंदौर रोड स्थित एक निजी होटल में पूनम सेमिनार एवं अवार्ड सेरेमनी का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मालवा अंचल के 12 से अधिक शहरों से आए 380 से ज्यादा प्रतियोगियों ने भाग लिया। इस दौरान बॉलीवुड आर्टिस्ट धीरज सिंह ने मेकअप का लाइव प्रदर्शन कर उपस्थित प्रतिभाओं को सौंदर्य निखारने की बारीकियां सिखाईं। अंत में सभी विजेताओं को अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि सेमिनार में उज्जैन के अलावा मक्सी, नागदा, बड़नगर, बदनावर, पीथमपुर, आगर, आलोट, उन्हेल, खाचरौद, देवास और तराना आदि शहरों से सेलिब्रिटी और प्रतिभाओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में राजकुमारी माहेश्वरी, समीक्षा व्यास, वंदना शर्मा, सपना पवार, मेघा चौहान, सोनिया सहगल, मीना गुप्ता, रजनी शर्मा, मोना सोनी, मधु खत्री, वर्तिका नामदेव और पूजा माहेश्वरी उपस्थित थीं। आयोजन के दौरान कई महिलाओं ने मंच पर अपना शानदार श्रृंगारित प्रदर्शन किया। इनमें ऋतु विश्वकर्मा, उमा दुबे, वैशाली, पूजा राजपूत, अंजलि खत्री, अंबिका सोलंकी, महक सोनी, पुष्पा सिंह, गीतांजलि शर्मा, शबनम खान, पूजा, रुबीना, मुबारक, चंद्र वर्मा, सुनीता, रुक्मणी शर्मा, मुस्कान, कवल और आशा आंजना सहित सैकड़ों महिलाओं ने अपना हुनर दिखाया।

## लायंस क्लब डायनामिक का शपथ ग्रहण, राजीव गर्ग बने अध्यक्ष

### पंकज मारू ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ, नई कार्यकारिणी ने संभाला कार्यभार

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

लायंस क्लब उज्जैन डायनामिक की वर्ष 2026-27 की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह रविवार 28 जून को होटल रुद्राक्ष क्लब एंड रिसोर्ट में संपन्न हुआ। समारोह में लायन राजीव गर्ग ने अध्यक्ष, लायन मनोहर राणावत ने सचिव और लायन शीतल चत्तर ने कोषाध्यक्ष के रूप में पद एवं गोपनीयता की शपथ ली।

द्वितीय वाइस डिस्ट्रिक्ट गवर्नर एमजेएफ लायन पंकज मारू और लायन संजय सक्सेना ने मुख्य अतिथि एवं शपथ अधिकारी के रूप में नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजीव गर्ग ने वी सर्व के आदर्श पर चलते हुए सेवा कार्यों को नई गति देने का संकल्प लिया। इससे पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन और लायंस प्रार्थना से हुआ। निवर्तमान अध्यक्ष लायन आनंद माहेश्वरी ने वर्ष भर का लेखा-जोखा प्रस्तुत कर सदस्यों को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया। समारोह में कैबिनेट मंत्री ओम जैन, प्रदेश भाजपा प्रवक्ता एडवोकेट विवेक गुप्ता, वरिष्ठ समाजसेवी लायन गोविंद यादव और उमाशंकर पाटीदार विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर चार्टर अध्यक्ष लायन संजय जैन, लायन अशोक सिहल, लायन अनिल गुप्ता, लायन विनय भूतड़ा, लायन राजेश गर्ग, लायन संजय बाफना, लायन राजेश बंसल, लायन राकेश बजाज, लायन अश्विन मारू, लायन हरविंदर सिंह छाबड़ा, लायन दिलीप गुप्ता बिल्डर, आलोक ऐरण, अमीश जैन और अजय मित्तल सहित बड़ी संख्या में सदस्य व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन लायन अजय जसोरिया व लायन राजेश गर्ग ने किया तथा आभार नवनियुक्त सचिव लायन मनोहर राणावत ने माना।

## बिना दहेज निकाह करने वाले दूल्हों को 10 हजार की प्रोत्साहन राशि, 11 शख्सियतें हुईं सम्मानित

### भारत रत्न खान अब्दुल गफ्फार खान की स्मृति में 27वां निशुल्क सामूहिक निकाह व एजाजी जलसा संपन्न

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत रत्न खान अब्दुल गफ्फार खान की स्मृति में जामा मस्जिद स्कूल कम्युनिटी हॉल में 27वां निशुल्क सामूहिक निकाह और एजाजी जलसा आयोजित किया गया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बिना दहेज शादी करने वाले दूल्हों को संस्था की ओर से 10-10 हजार रुपए की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। निकाह नायब काजी नवेद दस्तगीर ने मुकम्मल कराया।

संस्था के संयुक्त सचिव नासिर मंसूरी और मार्गदर्शक हाजी इस्माइल खान ने बताया कि कार्यक्रम में शहर की 11 शख्सियतों को 'खान अब्दुल गफ्फार खान खिदमत-ए-खल्क अवार्ड' से नवाजा गया। इनमें डॉ. तेज कुमार मालवीय, भूरु खलीफा, सोनू सिंह आनंद, गंगाधर महा, युवा अधिवक्ता समीर खान, जाहिद नूर एडवोकेट, समाजसेवी सईद अंसारी, शिक्षाविद सादिक मंसूरी, डॉ. सउद नागोरी, इरशाद कुरैशी और नासिर हुसैन शामिल हैं।

### बिना दहेज विवाह समाज को देगा नई दिशा

बतौर अतिथि मौजूद इंदौर विश्वविद्यालय की प्राचार्य डॉ. इरशाद खानम ने नवदंपतियों को बधाई देते हुए कहा कि बिना दहेज विवाह करना एक सराहनीय कदम है और यह समाज को एक नई दिशा प्रदान करेगा। कार्यक्रम में समाजसेवी हाजी सबीउल हसन, डॉ. शरीक नागोरी, अनुदीप गंगवार और टाइगर अकादमी के डायरेक्टर सैयद जमीर अब्बास भी बतौर अतिथि मंचासीन थे। निकाह के बाद मेहमानों के लिए प्रीतिभोज का आयोजन किया गया, जिसमें शहर के कई प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे।

### झंडा वंदन और पौधारोपण के साथ सहकारी जन-जागरण सप्ताह का शुभारंभ

## 6 जुलाई तक चलेंगे आयोजन, विभिन्न संस्थाओं में ली गई सहकारिता की शपथ

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



सहकार से समृद्धि और सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने तथा संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में जिले में सोमवार से 'सहकारी जन-जागरण सप्ताह' की शुरूआत हो गई है। यह 6 जुलाई तक मनाया जाएगा। सप्ताह के पहले दिन जिले की विभिन्न सहकारी संस्थाओं में सप्तरंगी झंडा वंदन, पौधारोपण, सहकारिता गीत का वाचन और शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किए गए।

सहकारिता आयुक्त दीपक सिंह के निर्देशों के परिपालन में यह आयोजन किया जा रहा है। सहकारिता संभाग के संयुक्त आयुक्त भूपेंद्र प्रताप सिंह, जिला उपायुक्त अरुण मिश्रा और जिला सहकारी संघ के प्रशासक व सहायक आयुक्त अंकेक्षण संजय कौशल के मार्गदर्शन में जिले भर में कार्यक्रम हुए। शुभारंभ के अवसर पर जिला सहकारी संघ मर्यादित, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक भरतपुरी, दुग्ध सहकारी संघ मक्सी रोड, उज्जैन नागरिक व आनंदेश्वरी नागरिक सहकारी बैंक और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की चिमनगंज मंडी शाखा सहित अन्य संस्थाओं में भव्य आयोजन किए गए। इन कार्यक्रमों में सहकारिता विभाग के अधिकारी, कर्मचारी, समिति सदस्य और सहकारिता से जुड़े लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर जिला सहकारी संघ के प्रभारी प्रबंधक सुमेर सिंह सोलंकी ने जिले की सभी सहकारी संस्थाओं से इस सप्ताह को उत्साहपूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सहकारिता के माध्यम से आज देश आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो रहा है। इससे लोकतंत्र की मजबूती, पारदर्शिता, समानता और पारस्परिक सहयोग की भावना बढ़ रही है।

### अलखधाम नगर के साईं मंदिर में हुआ पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ, गूंजे मंत्र

**उज्जैन।** अखंड दीप एवं वंदनीय माताजी की जन्म शताब्दी के अवसर पर 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' अभियान के तहत शहर के विभिन्न वार्डों में पांच कुंडीय यज्ञों की श्रृंखला जारी है। इसी कड़ी में वार्ड 47 स्थित अलखधाम नगर के साईं मंदिर में पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ हुआ। इसमें बड़ी संख्या में गायत्री परिजनों और क्षेत्रवासियों ने आहुतियां देकर पुण्य लाभ लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ साईं सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र मालवीय ने दीप प्रज्वलित कर किया। 'आओ गढ़ें संस्कारवान पीढ़ी' की जिला उप जोन समन्वयक उर्मिला प्रहलाद सिंह तोमर ने बताया कि जन्म शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विश्व कल्याण की भावना के साथ सैकड़ों गायत्री परिजनों द्वारा जटिल साधनाएं की जा रही हैं। इन महायज्ञों के माध्यम से साधकों द्वारा अपनी साधना की पूर्णाहुति दी जा रही है।

### वनिता मंडल ने किया सत्यवान-सावित्री नाटिका का मंचन





ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

महाराष्ट्र समाज उज्जयिनी की महिला शाखा वनिता मंडल द्वारा वट पूर्णिमा के अवसर पर विविध सांस्कृतिक एवं प्रतियोगितात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य आकर्षण 'सत्यवान-सावित्री' नाटिका रही, जिसके जीवंत मंचन ने दर्शकों की भरपूर सराहना बटोरी।

महाराष्ट्र समाज के सचिव सुशील मुले ने बताया कि नाटिका का लेखन एवं निर्देशन डॉ. तनुजा कद्रे ने किया। नाटक में यमराज की भूमिका शोभा अयाचित और सूत्रधार की भूमिका अनुश्री पांचखेड़े ने निभाई। इसके साथ ही श्रुति गोखले, सीमा धुलेकर, आशा महांकाल, राजश्री खोपकर, आरती देशपांडे, वनिता वाघे एवं कीर्ती गुमास्ते ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में नन्हीं बालिकाओं ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुति के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का सार्थक संदेश दिया। इस अवसर पर उपवास में बनने वाले आम के विशेष व्यंजनों की प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। प्रतियोगिता में सुनीता मुळे ने प्रथम, अश्विनी वझे ने द्वितीय तथा संध्या चाडावार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वनिता मंडल की अध्यक्ष अरुणा जोगलेकर ने प्रतिभागियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

दैनिक ब्रह्मास्त्र




## खबर एक नजर...

### कार्रवाई : बगीचे की जमीन से अवैध निर्माण हटाया

**इंदौर।** नगर निगम ने जोन-16 के वार्ड-14 स्थित सुविधि नगर में बगीचे के लिए आरक्षित जमीन पर बनाए जा रहे अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की। करीब दो हजार वर्गफीट क्षेत्रफल में बन रहे मकान पर जेसीबी चलाकर उसे ध्वस्त कर दिया गया। निगम के मुताबिक दो-चार दिन में छत डालने की तैयारी थी। कार्रवाई आयुक्त क्षितिज सिंघल के निर्देश पर की गई। निगम के अनुसार खसरा नंबर 363, 363/3, 364/5 और 364/1, ग्राम छोटा बांगड़दा स्थित प्लॉट नंबर 41-बी और 42-बी, सुविधि नगर में यह अवैध निर्माण किया जा रहा था। निगम के मुताबिक संबंधित भूखंड कॉलोनी के स्वीकृत लेआउट में बगीचे के लिए आरक्षित है। यहां पुष्पावती पति रामपाल यादव द्वारा निर्माण किया जा रहा था। इसकी शिकायत मिलने पर क्षेत्रीय भवन अधिकारी सुनील कुमार जादौन ने यादव को अवैध निर्माण हटाने को लेकर चार बार नोटिस जारी किए, लेकिन नोटिस पर ध्यान नहीं दिया गया और मकान का निर्माण जारी रखा।

### केसरबाग और भंवरकुआं ब्रिज के नीचे बनेंगे स्मार्ट हब

**इंदौर।** शहर में ब्रिज के नीचे खाली पड़ी जगह का बेहतर उपयोग करने की दिशा में नगर निगम ने दो नए स्मार्ट हब विकसित करने की तैयारी शुरू कर दी है। पहले चरण में केसरबाग ब्रिज और भंवरकुआं ब्रिज के नीचे स्मार्ट हब विकसित किए जाएंगे। दोनों परियोजनाओं की फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार है, अब इन्हें एमआईसी की मंजूरी के लिए भेजा गया है। एमआईसी की मंजूरी मिलने के बाद दोनों परियोजनाओं पर आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस तरह का यह पहला प्रयोग है। इसके पहले तीन इमली चौराहे पर ब्रिज के नीचे से कचरा प्रोसेसिंग प्लांट लगवा चुका है। वहीं, कई जगह पर हॉकर्स जोन भी चलाए जा रहे है।

### मां वॉशरूम गई, इसी दौरान 44 दिन का मासूम पलंग से गिरा, मौत

**इंदौर।** एरोड्रम क्षेत्र में 44 दिन के मासूम प्रियांशु निवासी रुक्मणी नगर की पलंग से गिरने के कारण मौत हो गई। मां बच्चे को छोड़कर वॉशरूम गई थी, तभी मासूम पलंग से गिर गया। उसके रोने की आवाज सुनकर पिता जागे तो बच्चा जमीन पर पड़ा था। उसे तुरंत हॉस्पिटल ले गए। इलाज के दौरान बच्चे ने दम तोड़ दिया। टीआई वेदेंद्र सिंह कुशवाह को पिता चंद्रशेखर ने बताया घटना सोमवार रात की है। मां को लगा कि बच्चा सो रहा है तो वह वॉशरूम चली गई, तभी मासूम अचानक पलंग से गिर गया। उसके चेहरे और सिर में चोट लगी। बच्चे को लेकर निजी हॉस्पिटल पहुंचे, लेकिन वहां से एमवाय रैफर कर दिया गया। चंद्रशेखर ने बताया, उनका दो साल का बेटा, पत्नी आशा और प्रियांशु एक ही पलंग पर सो रहे थे। नवजात पी के पास ही सोया था। पलंग से गिरने से उसके सिर में चोट लगी थी। काफी देर तक हम मालिश करते रहे। बाद में अस्पताल ले गए।

### मात्र 4.4 इंच बारिश के साथ खत्म हुआ जून, अब बचे 92 दिनों से आस

**इंदौर।** इस मानसून में अब तक 4.4 की सामान्य बारिश के साथ जून का महीना समाप्त हो गया है। पिछले साल इस अवधि तक 11 इंच पानी बरस गया था। शहर की जरूरत को देखते हुए कम से कम 40 इंच बारिश की दरकार है। अब अगले 92 दिन (1 जुलाई से 30 सितंबर) से ही उम्मीदें हैं। मानसून के लिए ये तीन महीने ही सबसे अहम रहेंगे। रोजाना उमस महसूस हो रही है, बादल भी छाए हुए हैं, गरज भी रहे हैं पर जमकर बरस नहीं रहे हैं। दो दिन से तेज बारिश का माहौल बना हुआ है। हलकी रिमझिम के बाद बारिश थम जाती है और बादल ऊंचाई पर चले जाते हैं। इस वजह से बारिश तेज नहीं हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो-तीन दिन में बादल छाए रहेंगे। गरज-चमक के साथ हलकी बारिश की संभावना है। हर साल पश्चिम के मुकाबले पूर्वी इंदौर में ज्यादा बारिश होती है। इस बार दोनों जगह एक जैसी स्थिति है। 4.4 इंच ही बारिश रिकॉर्ड हुई है। पिछले साल हुई बारिश में अब तक 19 फीट क्षमता वाले यशवंत सागर में 13 फीट पानी आ गया था। इस बार केवल 9 फीट पानी है। पीने का पानी देने वाला दूसरा तालाब बिलावली खाली मैदान बना हुआ है। यहां मोटर साइकिल दौड़ रही है।

### इंदौर में वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस से अभद्रता

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम से अभद्रता और शासकीय कार्य में बाधा डालने का मामला सामने आया है। नशे में वाहन चला रहे ड्राइवर पर कार्रवाई के दौरान कार में सवार महिला ने पुलिसकर्मियों से विवाद किया और मोबाइल छीनने का प्रयास भी किया। पुलिस ने मामले में महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार 29 जून की रात एसीपी रूबिना मिजवानी और हीरानगर थाना प्रभारी सुनील पटेल चंद्रगुप्त मौर्य चौराहे पर वाहन चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पश्चिम बंगाल नंबर की हुंडई क्रेटा कार वहां पहुंची। पुलिस ने कार रोककर ड्राइवर की जांच की तो वह नशे की हालत में मिला। पुलिस ने ड्राइवर के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की बात कही। इसी दौरान कार में बैठी महिला सोमाली नायक पुलिसकर्मियों से विवाद करने लगी। आरोप है कि महिला ने पुलिसकर्मियों से अभद्रता की और धक्का-मुक्की तक करने लगी।

---

इंदौर में मिलावटखोरों पर शिकंजा: स्कूलों, डेयरियों, मसाला और मिठाई प्रतिष्ठानों पर सघन कार्रवाई

# 64 सैंपल जांच के लिए भेजे, तीन मौके पर ही फेल

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने सोमवार को विद्यालयों, डेयरी प्रतिष्ठानों, मसाला निर्माण इकाइयों, नमकीन उद्योगों और मिठाई दुकानों का सघन निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभिन्न खाद्य पदार्थों के कुल 64 सैंपल जांच के लिए संग्रहित किए गए, जबकि मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब से मौके पर जांच किए गए 23 सैंपल में से 3 सैंपल अमानक पाए जाने पर तत्काल वैधानिक कार्रवाई की गई।

अभियान के तहत 29 जून को खंडवा रोड स्थित क्वीन्स कॉलेज के मेस का निरीक्षण किया गया, जहां दाल, राजमा, बेसन और आटे सहित चार सैंपल लिए गए। वहीं 30 जून को चोइथराम स्कूल की जांच में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। यहां से राजमा, उड़द दाल, तुअर दाल, नमकीन चावल, आलू झोलदार और देसी चना मसाला सहित छह सैंपल जांच के लिए लिए गए। अधिकारियों ने कर्मचारियों को खाद्य सुरक्षा मानकों का निरंतर पालन करने के निर्देश भी दिए।



खाद्य सुरक्षा विभाग को प्राप्त शिकायतों पर भी त्वरित कार्रवाई की गई। राऊ स्थित बाबा कुल्फी से काजू कतली, दूध कतली, मिल्क केक, पेड़ा और मलाई बर्फी के पांच सैंपल लिए गए। यादव डेयरी फार्म से दूध, पनीर, दही, चक्का और घी सहित छह सैंपल संग्रहित किए गए। इसी तरह शर्मा कॉस्मेटिक एवं किराना से रस्क, सेव और मिक्सचर के छह सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) की रिस्क बेस्ड इंस्पेक्शन सिस्टम (आरबीआईएस) के तहत उच्च जोखिम श्रेणी के प्रतिष्ठानों का भी निरीक्षण किया गया। कृष्ण मिल्क प्रोडक्ट, एलआईटी स्पाइसेस, कृष्णा डेयरी स्वीट्स एंड नमकीन तथा प्रकाश नमकीन उद्योग से दूध, पनीर, मावा, मसाले और नमकीन उत्पादों सहित कुल 22 सैंपल लिए गए। इसके अलावा भेरूनाथ नमकीन, सांवरिया दूध डेयरी स्वीट्स एंड एवरफ्रेश तथा गंगा नमकीन स्वीट्स एंड बेकरी से भी विभिन्न खाद्य पदार्थों के सैंपलजांच के लिए संग्रहित किए गए। सभी प्रतिष्ठानों के संचालकों को स्वच्छता, सुरक्षित भंडारण, खाद्य हैंडलर्स की व्यक्तिगत स्वच्छता, मेडिकल फिटनेस प्रमाण-पत्र, पेस्ट कंट्रोल रिकॉर्ड, पानी की नियमित जांच और वैध लाइसेंस संबंधी निर्देश दिए गए।

### मिलावट की पहचान संबंधी जानकारी दी

खाद्य सुरक्षा प्रशासन की मोबाइल फूड टेस्टिंग लैब ने महालक्ष्मी नगर स्थित प्रकाश नमकीन में खाद्य पदार्थों की ऑन-द-स्पॉट जांच कर मिलावट की पहचान संबंधी जानकारी दी। इस दौरान खाद्य कारोबारियों और आम नागरिकों को खाद्य सुरक्षा, एक्सपायरी तिथि की जांच, अखाद्य रंगों के दुष्प्रभाव और सुरक्षित खाद्य पदार्थों के उपयोग के बारे में जागरूक किया गया। संग्रहित सभी 64 सैंपलों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत संबंधित प्रतिष्ठानों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि जिले में खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। विद्यालयों, डेयरियों, मसाला इकाइयों, मिठाई और नमकीन प्रतिष्ठानों का नियमित निरीक्षण जारी रहेगा तथा प्राप्त प्रत्येक शिकायत पर प्राथमिकता के आधार पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि खाद्य मिलावट या अस्वच्छता संबंधी शिकायतें कलेक्टर हेल्पलाइन, सीएम हेल्पलाइन या एफओएससीओएस पोर्टल के माध्यम से अवश्य दर्ज कराएं।

---

प्रतियोगी परीक्षाओं के घोटालों से व्यक्तित्व विकास रुका

# इंदौर के छात्रों की गूंज पहुंचेगी दिल्ली

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इन दिनों बड़े शहरों में विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के बीच 40 दिवसीय कार्यक्रम चल रहे है। महानगर इंदौर में लाखों छात्र सालों से नीट, एसएससी, पीएससी, यूपीएससी के साथ अन्य सैकड़ों परीक्षाओं की तैयारी कोचिंग इंस्टीट्यूट में करते आए है।

पिछले कई वर्षों से परीक्षाओं में घोटाले, पेपर लीक के साथ व्यक्तित्व के विकास को रोकने का एक बड़ा षड्यंत्र भी चल रहा है। युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव पुनीत सिंह पारिया ने अपनी बात बेबाकी से रखते हुए बताया कि इस जाल को उजागर करने के साथ छात्रों के हित की लड़ाई भी लगातार जारी है।

संगठन ने पारियां को इंदौर की जिम्मेदारी सौंपते हुए एनएसयूआई के साथ युवक कांग्रेस को भी छात्रों की गूंज कार्यक्रम को लेकर 40 दिवसीय इस महायज्ञ में आहुति की जिम्मेदारी सौंपी है। इंदौर जिला अध्यक्ष विपिन वानखेड़े, युवक कांग्रेस शहर अध्यक्ष अमित पटेल, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष रजत सिंह पटेल और उनकी पूरी टीम ने इंदौर में अपने कार्य की विधिवत शुरूआत भी कर दी। रजत सिंह पटेल ने युवाओं की अच्छी खासी टोली के साथ पहले ही दिन से छात्रों के बीच पहुंचकर उन्हें पेम प्लेट वितरण, मिस कॉल, फार्म फिल अप करने के साथ छात्रों से सीधे रूबरू हुए। इसी के साथ 40 दिन तक किसी ना किसी एक्टिविटी के माध्यम से एनएसयूआई अपनी जिम्मेदारी निभायेगी। इसी तरह से कल मशाल यात्रा निकालने के साथ युवक कांग्रेस के अध्यक्ष अमित पटेल ने केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की।




# सोशल मीडिया पर भड़काऊ संदेश पोस्ट करने पर होगी कार्रवाई

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साम्प्रदायिक, सामाजिक और जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने संबंधी किसी भी प्रकार के मैसेज भेजने पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश आगामी 25 अगस्त 2026 तक लागू रहेगा।

इस आदेश के अनुसार, कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म या सोशल मीडिया साइट का दुरुपयोग कर साम्प्रदायिक, सामाजिक और जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिए किसी भी प्रकार के मैसेज का प्रसारण नहीं कर सकेंगे। आपत्तिजनक और उन्माद फैलाने वाले मैसेज, फोटो-वीडियो, ऑडियो आदि प्रसारित नहीं कर सकेंगे। आदेश में है कि इंदौर जिले की सीमा के अंदर किसी भी साइबर कैफे के मालिक या संचालक द्वारा किसी भी अनजान व्यक्ति, जिसका परिचय किसी विश्वसनीय प्रमाण-पत्र जैसे परिचय पत्र, वोटर आईडी, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, क्रेडिट कार्ड, पेन कार्ड या अन्य साक्ष्य से प्रमाणित न हो, को साइबर कैफे का उपयोग नहीं करने दिया जाएगा। इसके साथ ही आने वालों की रजिस्ट्रर में एंट्री भी करना होगी। इसी तरह किराएदारों, घरेलू कामगारों, कर्मचारियों, हॉस्टल में रहने वाले स्टूडेंट्स, पेइंग गेस्ट आदि की जानकारी संबंधित थाने पर दिया जाना अनिवार्य किया गया है। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने इसे लेकर भी प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए है।

---

# पूरी तरह ठीक होने के बाद ही हमें डिस्चार्ज करें

## इंदौर गैस पाइपलाइन ब्लास्ट में झुलसे 3 लोगों ने भी ली हाईकोर्ट की शरण

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

पिछले दिनों बोरिंग खुदाई के दौरान अवंतिका गैस पाइप लाइन में ब्लास्ट हो गया था। हादसे में झुलसी कंटेंट क्रिएटर गिरी राजकुमारी उर्फ जिनी झाला के मामले में सोमवार को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर बेंच में सुनवाई हुई। हादसे में झुलसे लोग बॉम्बे हॉस्पिटल में एडमिट हैं, उनकी ओर से भी इंटरविनर के रूप में वकीलों ने कोर्ट में आवेदन लगाया है। जिसमें बताया है कि हॉस्पिटल से हमें जल्दी डिस्चार्ज किया जा रहा है। हमारा भी समुचित इलाज होना चाहिए ताकि इन्फेक्शन का खतरा न रहे।

हादसे में घायल गोपाल मालाकार (10-15%) और सुभाष ठाकुर (10-12% झुलसे) में हैं। जबकि एक अन्य भी झुलसा है। दूसरी ओर याचिकाकर्ता की ओर से एडवोकेट श्रवण कुमार लाहोटी ने बताया कि जिनी को अहमदाबाद एयरलिफ्ट करने के बाद उसका इलाज जारी है। मामले में पुलिस ने पुलिस ने ठेकेदार और बोरिंग वाहन के ड्राइवर पर केस दर्ज किया है जबकि जिसने बोरिंग के लिए बुलवाया था उसके खिलाफ नहीं की गई है। सुनवाई में नगर निगम की ओर से रिपोर्ट पेश नहीं की गई लेकिन मौखिक रूप बताया गया कि इसमें निगम की किसी अधिकारी का दोष नहीं है। इस पर याचिकाकर्ता की ओर से बताया गया कि मामले में कोई तो दोषी होगा जिसने खुदाई करवाई। दूसरी ओर घायल जिनी की ओर से एडवोकेट ने बताया कि उसकी ओर से भी एक आवेदन दिया गया था लेकिन किसी अन्य पक्ष की ओर से एफआईआर दर्ज की गई। यह भी बताया कि जब बोरिंग प्रतिबंधित था तो फिर कैसे काम शुरू हो गया और किसकी अनुमति से हुआ। इस मामले में पार्षद को भी पक्षकार बनाया है। मामले में अगली सुनवाई 3 जुलाई को होगी।



---

नाबालिगों को अश्लील वीडियो और मैसेज भेज रहा था युवक

# परिजन ने अकाउंट चेक करने के बाद पुलिस को दी जानकारी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर में सोशल मीडिया के जरिए नाबालिग छात्राओं को निशाना बनाने का मामला सामने आया है। तिलक नगर थाना पुलिस ने दो नाबालिग छात्राओं के परिजनों की शिकायत पर 25 वर्षीय युवक के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है।

युवक ने इंस्टाग्राम पर दोनों छात्राओं से दोस्ती कर उन्हें अश्लील मैसेज और वीडियो भेजे, आपत्तिजनक चैटिंग की तथा मिलने और शारीरिक संबंध बनाने के लिए लगातार दबाव बनाता रहा। मामले का खुलासा होने के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस ने बताया कि इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति की शिकायत पर अभिषेक निनामा के खिलाफ एफआईआर की है। पुलिस के मुताबिक शिकायत करने वाले व्यक्ति की बेटी 12 साल की है। जो पढ़ाई कर रही है।

दूसरी नाबालिग की मां को फोन किया तब हुआ खुलासा

छात्रा की मां को अन्य छात्रा की मां ने कॉल किया और बताया कि उनकी बेटी के अकाउंट पर किसी अभिषेक नाम के युवक ने अश्लील मेसेज किए हैं। उस पर अश्लील वीडियो भेजे गए हैं। वह बच्ची को संबध बनाने के लिए उकसा रहा है। इसके बाद 12 साल की छात्रा का इंस्टाग्राम अंकाउट भी चेक किया गया। जिसमें पता चला कि उक्त लड़की को भी अभिषेक निनामा ने आपतिजनक फोटो भेजे थे। वही बच्ची से दूसरे वीडियो फोटो भी बुलवाए थे। वही बार-बार उसे रूम पर बुलाने के लिए उकसा रहा था। इसके बाद दोनों के बीच कुछ अश्लील चेटिंग की गई। जो छात्रा ने डर के चलते डिलीट कर दी थी। इसके बाद 12 साल की छात्रा की मां ने अपने पति को यह बात बताई। जब अभिषेक की आईडी से फोटो चेक किया तो पता चला कि वह कॉलोनी की पीछे वाली गली में रहता है। इसके बाद उसे पकड़ा गया। उसने दोनों सहेलियों को इस तरह के वीडियो और चेटिंग करने की बात कही।

**फिजियोथेरेपिस्ट की पढ़ाई कर रहा है आरोपी-** पुलिस के मुताबिक आरोपी साल 2022 से इंदौर में है। वह किराए के लिए अलग-अलग इलाकों में रहता है और फिजियोथेरेपिस्ट की पढ़ाई कर रहा है। उसके मोबाइल मे अन्य लड़कियों की भी वीडियो चेटिंग व फोटो मिली है।

जानकारी के मुताबिक आरोपी अभिषेक के पिता पेशे से टीचर है। वह मूल रूप से झाबुआ के रहने वाले हैं। जानकारी के मुताबिक कुछ समय पहले आरोपी ने क्रिश्चन धर्म अपनाया था।

---

कैमरे के सामने चुप्पी साध लेता है नशे का सौदागर, एक फरार आरोपी की तलाश

# इंदौर पुलिस नशे की लिंक तलाशने जाएगी प्रतापगढ़

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

नशे के सौदागर चेतन नाथ की लिंक तलाशने के लिए पुलिस प्रतापगढ़ जाएगी। दबिश के दौरान मौके से फरार हुए इसकी साथी की भी तलाश में भी टीम लगी हुई है। हालांकि, नशे का यह सौदागर इतना शातिर है कि कैमरे के सामने कुछ नहीं बोलता है। पुलिस को भी जानकारी निकालने के लिए अलग-अलग तरीके अपनाने पड़ रहे हैं।

दरअसल, सोमवार को द्वारकापुरी पुलिस ने चेतन नाथ को बैक ट्रेकिंग कर पकड़ा था। पुलिस ने पिछले दिनों लकी नाथ को पकड़ा था। जिससे मिली जानकारी के बाद पुलिस चेतन नाथ तक पहुंची थी।

चेतन के कमरे की तलाशी में पुलिस को 19 लाख रुपए नकद, नोट गिनने की मशीन, 270 ग्राम ब्राउन शुगर, 8 किलो गांजा मिला था। चेतन 2 जुलाई तक पुलिस रिमांड पर है। पुलिस को ये जानकारी मिली थी यह अपना कारोबार चलाने के दौरान सप्लायर और सप्लाई करने वालों से सोशल मीडिया के माध्यम से वाइस कॉल पर बात करता था।

पुलिस को उसके मोबाइल से कॉन्टैक्ट नंबर भी नहीं मिले हैं। इधर, पुलिस को टेलीग्राम और अन्य सोशल मीडिया से मिली जानकारी के आधार पर प्रतापगढ़ की लिंक निकाल रही है।

**फरार साथी की भी तलाश-** पुलिस ने जब दबिश दी थी तब चेतन नाथ के साथ उसका त्यागी नाम का साथी भी था, जो मौके से फरार हो गया था। वह भी इंदौर का ही है। उसकी तलाश में भी पुलिस टीम लगी है। बताया जा रहा है कि उसके शहर के आसपास ही होने के बारे में पता चला है। टीम उसके बारे में पता लगाने में लगी है।




### प्रतापगढ़ से लेकर आता था नशे का सामान

द्वारकापुरी टीआई मनीष मिश्रा ने बताया कि पूछताछ में ये जानकारी सामने आई है कि वह नशे का सामान प्रतापगढ़ से लेकर आता था। इसकी प्रतापगढ़ की लिंक निकाली जा रही है, जल्द ही एक टीम प्रतापगढ़ भी जाएगी। बताया जा रहा है कि टीम वहां के सप्लायर को भी ट्रेस करेगी।

### कैमरे में कुछ नहीं बोलता

टीआई ने बताया कि चेतन नाथ काफी शातिर है। वह कैमरे के सामने कुछ नहीं बोलता है। वह काफी समय जेल में रहा है और शातिर है। उससे जानकारी निकलवाने के लिए पुलिस भी अलग-अलग तरीके अपना रही है।

# इंदौर में महिला से एक लाख की ठगी

ब्रह्मास्त्र ›› इंदौर

इंदौर के संयोगितागंज थाना क्षेत्र में वॉट्सएप हैक कर मेडिकल इमरजेंसी का झांसा देकर एक महिला से एक लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। महिला ने इंग्लैंड में रहने वाले अपने परिचित के नाम से आए वॉट्सएप मैसेज पर भरोसा कर दो किश्तों में रकम ट्रांसफर कर दी। बाद में फोन पर बात करने पर पता चला कि परिचित का वॉट्सएप अकाउंट हैक हो चुका था। पुलिस के अनुसार उषागंज छावनी निवासी राबिया खान पत्नी नासिर खान ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 20 जून को उनके परिचित इंग्लैंड निवासी याकूब खान के मोबाइल नंबर से वॉट्सएप मैसेज आया। मैसेज में मेडिकल इमरजेंसी बताकर तुरंत पैसों की जरूरत होने की बात कही गई और एक पंजाब नेशनल बैंक का खाता नंबर भेजा गया। परिचित की मदद करने के उद्देश्य से राबिया ने बिना किसी से चर्चा किए और बिना कॉल पर पुष्टि किए, दो बार में 50-50 हजार रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए। पैसे भेजने के कुछ देर बाद उन्होंने याकूब खान को कॉल किया। तब उन्हें पता चला कि उनका वॉट्सएप अकाउंट हैक हो गया है और किसी ने उनके नाम से फर्जी मैसेज भेजे हैं।

# कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पटवारी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान बसपा प्रत्याशी देवाशीष जरारिया पर भाजपा से सांठगांठ और लेनदेन के आरोप लगाने के मामले में मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ ग्वालियर की विशेष टढ-टछअ कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। कोर्ट ने भिंड पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए हैं कि अगली सुनवाई पर पटवारी की कोर्ट में उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित कराई जाए।

सुनवाई के दौरान अदालत ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा, ₹जब जीतू पटवारी के बयान और



राजनीतिक गतिविधियां हर जगह दिखाई दे रही हैं, तो पुलिस उन्हें ढूंढ क्यों नहीं पा रही ?₹ मामले की अगली सुनवाई 27 जुलाई को होगी।

मामला 27 अप्रैल 2024 का है। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान जीतू पटवारी भिंड जिले के दौरे पर थे। उन्होंने भिंड-दतिया लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी फूल सिंह बरैया के समर्थन में ऊमरी कस्बे में चुनावी सभा को संबोधित किया था। सभा के दौरान पटवारी ने कांग्रेस छोड़कर बसपा में शामिल हुए और भिंड-दतिया से बसपा प्रत्याशी बने देवाशीष जरारिया पर बिना तथ्यों के लेनदेन करने और भाजपा से सांठगांठ करने के आरोप लगाए। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने तू-तड़ाक की भाषा का भी इस्तेमाल किया, जिसे लेकर जरारिया ने आपत्ति जताई।

देवाशीष जरारिया की शिकायत पर 4 मई 2024 को भिंड के उमरी थाने में जीतू पटवारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। इसी मामले में कोर्ट ने उन्हें 16 जनवरी 2026 को पेश होने का नोटिस जारी किया था, लेकिन वे अदालत में उपस्थित नहीं हुए। सुनवाई के दौरान पुलिस ने अदालत को बताया कि जीतू पटवारी का पता नहीं चल सका। इस पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब वे लगातार मीडिया और सार्वजनिक कार्यक्रमों में नजर आ रहे हैं, तो पुलिस उन्हें तलाशने में असफल कैसे है। इसके बाद अदालत ने भिंड एसपी को निर्देश दिए कि 27 जुलाई को अगली सुनवाई में पटवारी की मौजूदगी हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

# मध्यप्रदेश के 7 जिलों में हैवी रेन अलर्ट, मौसम विभाग ने बालाघाट-डिंडौरी में अति भारी बारिश की चेतावनी दी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में बुधवार को देवास, हरदा, बैतूल, पांढुर्णा और छिंदवाड़ा में भारी बारिश का अनुमान है। वहीं, मौसम विभाग ने बुधवार को बालाघाट और डिंडौरी में अति भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

इस बार पूरे जून महीने आंधी-बारिश का दौर रहा। इस दौरान कुल 88.2 मिमी यानी, 3.5 इंच पानी गिरा। हालांकि, ये सामान्य बारिश 131.1 मिमी (5.1 इंच) से 33 प्रतिशत कम है। इधर, मंगलवार को मानसून आगे बढ़ा और जबलपुर, भोपाल, रीवा और शहडोल संभाग के ज्यादातर जिलों में पहुंच गया।

मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि अगले 2 से 4 दिन में भोपाल, सागर, ग्वालियर,



उज्जैन और चंबल संभाग के बाकी बचे जिलों में मानसून पहुंच जाएगा। भोपाल, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, विदिशा, इंदौर, झाबुआ, आलीराजपुर, धार, बुरहानपुर, बड़वानी, खंडवा, खरगोन, उज्जैन, शाजापुर, नर्मदापुरम, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, सिवनी, मंडला, रीवा, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, सागर, पन्ना, दमोह, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी में तेज आंधी के साथ बारिश हो सकती है। नीमच, मंदसौर, आगर-मालवा और रतलाम में हल्की बारिश होने का अनुमान है।

प्रदेश में मानसून के एक्टिव होते ही आंधी-बारिश का दौर तेज हो गया है। मंगलवार को हरदा में बिजली गिरने से 32 वर्षीय किसान प्रदीप राठौर की मौत हो गई। खरगोन में भी बिजली की चपेट में आने से राधेश्याम (30) और गृहिणी केनू (30) की मौत हो गई। वहीं, बैतूल के चुना गोसाई गांव में बिजली गिरने से सुखदेव यादव, उनकी पत्नी गीताबाई, बेटी संध्या और बेटा नैतिक झुलस गए।

वहीं, बैतूल के चिचोली क्षेत्र में चंपा नदी उफान पर है। रपटे को पार करते समय सिप्लाई निवासी राजेश बिहारे और दद्दू धुर्वे बाइक समेत बह गए। मंगलवार सुबह रपटे से करीब एक किलोमीटर दूर झाड़ियों में दोनों के शव मिले। बालाघाट में दोपहर 2 बजे के बाद तेज बारिश शुरू हुई। सतना और मैहर में सड़कों पर जलभराव हो गया। देवास में तेज बारिश के दौरान दो लड़कियां स्कूटी सहित नाले में गिर गईं, लेकिन लोगों ने दोनों को बचा लिया। सीहोर के इछावर में घरों और दुकानों में पानी घुस गया। विरोध में कांग्रेस पार्षद जुनेद खान ट्यूब पर बैठकर पानी में उतरे और प्रदर्शन किया।

## 2 बार सस्पेंड टीआई को मोघट की कमान, खंडवा एसपी ने 3 थानों के प्रभारी बदले

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खण्डवा

खंडवा में धनगांव थानेदार के रिटायरमेंट के दिन ही पुलिस थानों में फेरबदल किया गया है। एसपी अगम जैन ने रिक्त हुए धनगांव थाने की कमान पुलिस लाइन में पदस्थ टीआई शिवराम जमरे को सौंपी है। इसके अलावा दो अन्य थानों के प्रभारियों की अदला-बदली भी की गई है। एसपी के आदेश के मुताबिक, मोघट रोड टीआई धीरेश धारवाल को नर्मदानगर भेजा गया है। वहीं, नर्मदानगर टीआई विकास खिंची को मोघट रोड थाने की जिम्मेदारी दी गई है। विकास खिंची जिले में लंबे समय से पदस्थ हैं। बीच में उनका तबादला सीहोर जिले में भी हुआ था, जहां उन्होंने बुधनी थाने की कमान संभाली थी। मोघट रोड के नए टीआई विकास खिंची का विवादों से भी नाता रहा है। खंडवा के पंधाना और मांधाता (ओंकारेश्वर) थाने में टीआई रहते हुए उन्हें सस्पेंड किया जा चुका है। दरअसल, इन दोनों ही थानों में उनके कार्यकाल के दौरान लॉकअप में बंद आरोपियों की मौत हो गई थी। धनगांव थाने में पदस्थ टीआई गंगाप्रसाद वर्मा 30 जून को रिटायर हो गए। महू के रहने वाले वर्मा 12 जनवरी 1984 को पुलिस विभाग में बतौर आरक्षक भर्ती हुए थे। उन्होंने 42 साल, 5 महीने और 18 दिन की अविवादित सेवा दी। वे रिटायरमेंट की उम्र में भी धनगांव थाने से 50 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय तक खुद बाइक चलाकर आते थे।


# स्पाइडर की तरह ग्रिल पर लटकी दुल्हन, ग्वालियर में दूसरी मंजिल से 23 फीट नीचे कूदी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर में नई-नवेली दुल्हन के सुहागरात के बाद घर से भागने के मामले में चौंकाने वाली बातें सामने आई हैं। दूल्हे का घर दो मंजिला है और सुरक्षा के लिए पूरे घर में ताले लगे थे। इसके बावजूद दुल्हन ने भागने के लिए अपनी जान की भी परवाह नहीं की।

शादी के बाद ससुराल में सिर्फ एक रात बिताने के बाद 30 जून की सुबह करीब 4 बजे दुल्हन दूसरी मंजिल की छत पर पहुंची। वहां से वह करीब 23 फीट नीचे पड़ोसी की छत पर कूद गई। फिर एक मंजिला मकान की छत पर पहुंची और लोहे की ग्रिल से 'स्पाइडर' की तरह लटककर सड़क पर उतर गई। इसके बाद वह कुछ ही मिनटों में वहां से भाग निकली।

सुबह जब दूल्हे जितेंद्र की नींद खुली तो दुल्हन घर में नहीं मिली। पहले उसने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने परिजन को जानकारी दी। जांच के दौरान गांव के एक उउळश कैमरे में दुल्हन तेजी से जाती हुई दिखाई दी। घर से गहने भी गायब मिले। इसके बाद दूल्हा अपने परिजनों के साथ विश्वविद्यालय थाने पहुंचा। पुलिस ने दुल्हन के पिता को बुलाया, जिसके बाद वे बेटी को लेकर थाने पहुंचे। बता दें कि जितेंद्र और नम्रता की शादी 29 जून को हुई थी। दूल्हा ग्वालियर जिले के जरगांव से मुरैना के झुंडपुरा निवासी नम्रता जोशी के घर बारात लेकर पहुंचा था। पीड़ित जितेंद्र जोशी ने विश्वविद्यालय थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर अपनी जान की सुरक्षा की गुहार लगाई है। जितेंद्र का आरोप है कि नम्रता और उसके मायके वाले पेशेवर अपराधी की तरह बर्ताव कर रहे हैं। वे उस पर और उसके परिवार पर कोई भी जानलेवा हमला करवा सकते हैं।



### थाने में साथ रहने की बात, लेकिन दूल्हे ने किया इनकार

थाने में दुल्हन के पिता हीरालाल जोशी और उसके भाई ने उसे समझाया। इसके बाद दुल्हन ने पति के साथ जाने की इच्छा जताई, लेकिन दूल्हा तैयार नहीं हुआ। लड़की के पिता और भाई ने भी दूल्हे पर नम्रता को साथ ले जाने का दबाव बनाया। इस दौरान थाने में काफी देर तक बहस हुई। दूल्हे जितेंद्र ने साफ कहा कि जिसने शादी के कुछ घंटों बाद ही पूरे समाज में उसकी बदनामी कर दी और नकदी-जेवर लेकर छत से कूदकर भाग गई, वह आगे चलकर उसकी जान के लिए भी खतरा बन सकती है। इसलिए वह उसे अपने साथ नहीं ले जाएगा। पीड़ित जितेंद्र जोशी ने विश्वविद्यालय थाना पुलिस को लिखित आवेदन देकर अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की है। उसका आरोप है कि नम्रता और उसके मायके वाले पेशेवर अपराधियों की तरह व्यवहार कर रहे हैं और वे उस पर या उसके परिवार पर हमला करवा सकते हैं। जितेंद्र ने आवेदन में कहा है कि भविष्य में उसके या उसके परिवार के साथ कोई अप्रिय घटना होती है तो उसकी पत्नी नम्रता, उसके ससुर और साले जिम्मेदार होंगे। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।



# सखाराम की 10.8 फीट लंबी जटाएं यूक्रेन की गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्डधारी से भी बड़ी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बड़वानी

जिला मुख्यालय से 26 किमी दूर वेदपुरी गांव के रहने वाले 57 वर्षीय आदिवासी किसान सखाराम किराड़े इन दिनों अपनी अनोखी जिद के कारण चर्चा में हैं। 16 साल की उम्र में जिन टेढ़े-मेढ़े बालों से परेशान होकर उन्होंने तीन बार मुंडन कराया था, आज वही उनकी सबसे बड़ी ताकत बन चुके हैं।

वर्ष 1985 से बाल नहीं काटने की सखाराम की जिद का नतीजा है कि आज उनके बालों (जटाओं) की लंबाई 10 फीट 8 इंच हो चुकी है, जिसे लेकर वे विश्व रिकॉर्ड बनाने का सपना देख रहे हैं। सखाराम निरक्षर हैं। उन्हें विश्व रिकॉर्ड्स की जटिल ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया की जानकारी नहीं है। उनके बेटे महेश किराड़े और पूरे परिवार ने प्रशासन और संस्कृति विभाग से तकनीकी मदद की गुहार लगाई है, ताकि यह आदिवासी परिवार वैश्विक पटल पर देश का नाम रोशन कर सके।

### ये प्लिका पोलानिका है

हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. नितिन पटेल ने बताया इसे प्लिका पोलानिका या प्लिका न्यूटंस कहा जाता है। इसमें बालों के केराटिन आपस में इस कदर उलझ जाते हैं कि उन्हें कंघी से सुलझाना असंभव हो जाता है। सिर पर इतना वजन रहना गर्दन और रीढ़ के लिए बेहद खतरनाक है।

# चिड़ियाघर का बुजुर्ग तेंदुआ बीमार, खाना छोड़ा, टीम उपचार में जुटी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ ग्वालियर

ग्वालियर के गांधी प्राणी उद्यान में एक बुजुर्ग नर तेंदुआ बीमार है। स्वास्थ्य बिगड़ने के कारण उसने अपना नियमित आहार लेना बंद कर दिया है। चिड़ियाघर प्रबंधन ने उसके उपचार और विशेष देखभाल की व्यवस्था की है। पशु चिकित्सकों की एक टीम लगातार उसकी निगरानी कर रही है।

चिड़ियाघर प्रभारी डॉ. यादव के अनुसार, तेंदुआ लगभग 20 वर्ष का हो चुका है। अधिक उम्र के कारण पिछले कुछ समय से उसका स्वास्थ्य लगातार खराब चल रहा है। बीमारी के चलते उसने ठोस भोजन लेना पूरी तरह बंद कर दिया है। उसकी शारीरिक स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने आहार में बदलाव किया है। उसे फिलहाल तरल आहार, चिकन सूप और अन्य पौष्टिक तरल पदार्थ दिए जा रहे हैं, ताकि शरीर को आवश्यक पोषण मिल सके। चिड़ियाघर प्रबंधन के अनुसार, तेंदुए का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम उसकी गतिविधियों, भोजन और दवाओं पर लगातार नजर रख रही है। उसकी देखभाल के लिए विशेष कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई है, ताकि उसकी स्थिति



पर हर समय निगरानी बनी रहे। गांधी प्राणी उद्यान के अधिकारियों ने उम्मीद जताई है कि उचित उपचार, संतुलित आहार और निरंतर देखभाल से तेंदुए के स्वास्थ्य में जल्द सुधार होगा। उसकी स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और उसे किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए सभी आवश्यक इंतजाम किए गए हैं।

### सोनचिरैया अभयारण्य लाया गया था

तेंदुए को वर्ष 2018 में घाटीगांव स्थित सोनचिरैया अभयारण्य क्षेत्र से रेस्क्यू कर गांधी प्राणी उद्यान लाया गया था। तब यह तेंदुआ एक कुएं में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना में उसके दोनों पंजे बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसके कारण उन्हें काटना पड़ा था।

# बेतवा को प्रदूषण मुक्त बनाने बन रही प्लानिंग

## उद्योगों का जहरीला पानी रोकने पर नमामि गंगे की तर्ज पर होगा काम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार नमामि गंगे मिशन के तहत बेतवा नदी के संरक्षण और पुनर्जीवन के लिए बड़े स्तर पर काम शुरू करने जा रही है। सरकार का फोकस केवल नदी की सफाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि वैज्ञानिक और दीर्घकालिक योजना के जरिए पूरे नदी तंत्र को पुनर्जीवित किया जाएगा। इसके लिए भोपाल में अफसरों को ट्रेनिंग देकर पूरे प्रोजेक्ट की प्लानिंग तैयार कराई जा रही है। जिसमें बेतवा नदी के लिए व्यापक डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार करने के लिए इंजीनियर्स को तकनीकी पहलुओं पर जानकारी दी जा रही है।

बेतवा जहां सबसे ज्यादा प्रदूषित वहीं से होगी संरक्षण की शुरूआत मप्र में नमामि गंगे परियोजना से जुडे. अफसरों ने बताया कि बेतवा का उद्गम स्थल भोपाल के पड़ोसी जिले रायसेन के जंगलों में झिरी नामक स्थान पर है। लेकिन बेतवा अपने उद्गम के बाद तीन जिलों में प्रदूषण का शिकार है। भोपाल की कलियासोत नदी और बेतवा का संगम जिस स्थान पर होता है भोजपुर के करीब उस जगह की स्थिति बहुत खराब है। मंडीदीप के पास पूरी बेतवा नदी जलकुंभी तब्दील हो गई है। ऐसे में भोपाल, रायसेन और विदिशा तीनों जिलों में बेतवा के संरक्षण और पुर्नजीवन के लिए काम किया जा रहा है।

सीवेज ट्रीटमेंट पर सबसे ज्यादा फोकस भोपाल की कलियासोत नदी से लेकर बेतवा नदी में मिलने वाले सीवेज को रोकने और नदी में हो रहे प्रदूषण की रोकथाम के लिए तीनों जिलों के नगरीय निकायों के इंजीनियरों को विशेष रूप से एक्सपर्ट्स के जरिए कैपेसिटी बिल्डिंग की जा रही है।

मंडीदीप में उद्योगों का जहरीला पानी बेतवा में मिल रहा मंडीदीप में उद्योगों की स्थापना से लेकर आज तक सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित नहीं हो पाया है। ऐसे में उद्योगों से निकलने वाला जहरीला वेस्ट सीधे नदी में मिलता है। इससे नदी के आसपास हो रही खेती में भी जहरीला पानी उपयोग हो रहा है। सरकार की कोशिश है कि बेतवा न केवल साफ स्वच्छ हो बल्कि उसकी धारा अविरल और निर्मल हो सके।

### मंडीदीप में उद्योगों का जहरीला पानी बेतवा में मिल रहा

अफसरों ने बताया कि नमामि गंगे भारत सरकार का एकीकृत नदी संरक्षण मिशन है, जिसका उद्देश्य गंगा और उसकी सहायक नदियों का संरक्षण, पुनर्जीवन और समग्र विकास सुनिश्चित करना है। मध्यप्रदेश का गंगा बेसिन राज्य के 34 जिलों और 283 शहरी निकायों तक फैला है, जहां चंबल, बेतवा, सिंध, काली सिंध, धसान, केन, क्षिप्रा, गंभीर, टोंस, सोन और पावती जैसी 11 प्रमुख नदियां गंगा तंत्र का हिस्सा हैं।

### बेतवा पर बढ़ा प्रदूषण का दबाव

टॉकिंग पॉइंट्स में कहा गया है कि बेतवा नदी इस समय अनुपचारित सीवेज, औद्योगिक अपशिष्ट, नदी तटों के क्षरण और पर्यावरणीय प्रवाह में कमी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना कर रही है। इन्हीं चुनौतियों को देखते हुए नदी के लिए वैज्ञानिक और टिकाऊ डीपीआर तैयार की जाएगी।

### डीपीआर में शामिल होंगे ये प्रमुख बिंदु

सरकार की प्रस्तावित डीपीआर में सिर्फ सीवेज प्रबंधन ही नहीं, बल्कि नदी संरक्षण के सभी महत्वपूर्ण पहलुओं को शामिल किया जाएगा। इनमें प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्ट जल एवं ठोस कचरा प्रबंधन, पर्यावरणीय प्रवाह बढ़ाना, नदी तटों का पुनर्स्थापन, जैव विविधता संरक्षण, जलग्रहण क्षेत्र का उपचार और जनभागीदारी जैसे विषय प्रमुख रहेंगे।

## खबर एक नजर...

### अश्लील रील्स देखकर 7 लड़कों ने किया बैड टच, सभी नाबालिग बाल सुधार गृह भेजे गए

**छिंदवाड़ा।** छिंदवाड़ा में 8 से 10 साल के 7 लड़कों द्वारा अपनी 7 वर्षीय सहेली के साथ 'बैड टच' का मामला सामने आया है। कुंडीपुरा थाना इलाके में रविवार शाम एक पारिवारिक कार्यक्रम के दौरान यह घटना हुई। शिकायत के बाद पुलिस ने सभी 7 नाबालिगों को हिरासत में लेकर नरसिंहपुर स्थित बाल सुधार गृह भेज दिया है। रविवार शाम को इलाके में एक पारिवारिक कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें बच्चे भी खेल रहे थे। इसी दौरान लड़कों ने अपनी 7 साल की सहेली को खेल के बहाने घर के पीछे एक सुनसान जगह पर बुलाया। वहां उन्होंने बच्ची के निजी अंगों को छूने की कोशिश की। बच्ची के शोर मचाने पर सभी लड़के घबराकर वहां से भाग गए। रोते हुए घर पहुंची बच्ची ने अपनी मां को पूरी घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने सीधे महिला थाने जाकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने फौरन कार्रवाई करते हुए बच्ची का मेडिकल परीक्षण कराया। पुलिस का कहना है कि मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद मामले में अन्य धाराएं भी बढ़ाई जा सकती हैं।

### सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया मैनेजर को 4 साल की सजा

**रतलाम।** रतलाम जिले के बड़ावदा में स्थित सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की बड़ावदा ब्रांच में 44 लाख रुपए से अधिक के गबन के मामले में कोर्ट ने फैसला सुनाया है। कोर्ट ने मुख्य आरोपी पूर्व बैंक मैनेजर (शाखा प्रबंधक) नेविल कावराना निवासी मुंबई को 4 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाने के बाद मंगलवार शाम उसे जेल भेज दिया है। 6 आरोपियों को दोष मुक्त कर दिया है। जबकि 2 की पूर्व में मौत हो चुकी है। फैसला विशेष न्यायालय भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के विशेष न्यायाधीश संजीव कटारे ने दिया। अभियोजन विभाग की प्रभारी उपनिदेशक व सहायक निदेशक आशा शाक्यवार ने बताया कि सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की बड़ावदा शाखा में वर्ष 2012 से 2014 के बीच 44 लाख 46 हजार 717 हजार रुपए का गबन हुआ था। गबन का खुलासा प्रकरण के मुख्य आरोपी नेविल कावराना के अन्य स्थान पर स्थानांतरण होने के बाद हुआ। बैंक के बडावदा शाखा में पदस्थ हुए नए शाखा मैनेजर सुमित जैन द्वारा विस्तृत जांच रिपोर्ट व शिकायत बैंक के वरिष्ठ कार्यालय व ईओडब्ल्यू उज्जैन को भेजने पर हुआ था।

### सागर के जरुआखेड़ा में नकली बीज गोदाम पर छापा

**सागर।** सागर जिले के जरुआखेड़ा में कृषि और राजस्व विभाग की टीम ने अवैध सोयाबीन बीज के गोदाम पर छापा मारा है। यहां आलोक ट्रेडर्स के गोदाम में नकली बीज की पैकिंग की जा रही थी। टीम ने मौके से 29 बैग सोयाबीन और भारी मात्रा में कच्चा माल जब्त किया है। मामले में कृषि विभाग की शिकायत पर नरयावली थाना पुलिस ने मंगलवार को एफआईआर दर्ज कर ली है। सोमवार को निरीक्षण के दौरान टीम ने देखा कि गोदाम में 'अन्नपूर्णा ब्रांड दाल मिल ललितपुर' के नाम से बोरियों की पैकिंग हो रही है। बोरी पर लिखे मोबाइल नंबर पर संपर्क किया गया, तो वह ललितपुर के अमित जैन का निकला। अमित ने बताया कि उनकी मिल 5 साल पहले ही बंद हो चुकी है। आरोपी उनके प्रतिष्ठान के नाम और मोबाइल नंबर का गलत इस्तेमाल कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान गोदाम से 40 किलो की पैकिंग वाले 29 बैग सोयाबीन मिले, जिन्हें मशीन से पैक किया गया था। इसके अलावा अन्नपूर्णा ब्रांड की 116 खाली बोरियां और 50 किलो वाले 100 जूट के बोरे (कच्चा माल) भी बरामद हुए। टीम ने बीज गुण नियंत्रण आदेश के तहत यह जब्ती की है।

### बड़ा तालाब की 50 मीटर परिधि पर विवाद, निगम के दो सहायक यंत्रियों पर गिरी गाज

**भोपाल।** भोजवेटलैंड क्षेत्र में 50 मीटर परिधि के सीमांकन को लेकर नगर निगम ने अपने ही दो अधिकारियों की भूमिका पर सवाल उठाए हैं। नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन ने भवन अनुज्ञा शाखा के सहायक यंत्री प्रदीप कुमार जड़िया और झील संरक्षण प्रकोष्ठ के तत्कालीन सहायक यंत्री आदित्य खरे को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दोनों अधिकारियों पर आरोप है कि सीमांकन के दौरान तैयार पंचनामे में रिकॉर्ड से अलग तथ्य होने के बावजूद उन्होंने कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई और उस पर हस्ताक्षर कर दिए। मंगलवार को नगर निगम आयुक्त ने एनजीटी के आदेशों के अनुपालन की समीक्षा की। बैठक में बड़ा तालाब के 50 मीटर दायरे में अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई का आकलन किया गया।

### भाजपा नेता ने नर्स को पीटा, 3 महीने की जेल

**राजगढ़।** मध्यप्रदेश के राजगढ़ में नगर पालिका अध्यक्ष और भाजपा नेता विनोद साहू को जिला अस्पताल की स्टाफ नर्स से मारपीट के मामले में अदालत ने दोषी करार दिया है। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी (जेएमएफसी) वीर सिंह धाकड़ ने उन्हें तीन माह के साधारण कारावास और एक हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई।

कोर्ट ने अपने फैसले में घटना के वीडियो, मेडिकल रिपोर्ट और गवाहों के बयानों को अहम साक्ष्य माना। मेडिकल रिपोर्ट में स्टाफ नर्स के हाथ में चोट की पुष्टि हुई, जबकि अभियोजन ने शिकायतकर्ता, प्रत्यक्षदर्शियों, चिकित्सक और विवेचक के बयान भी पेश किए। इन्हीं साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने मारपीट का आरोप साबित माना।



# डायन कहकर ठुकराया गया, बॉलीवुड के दरवाजे बंद हुए, लगा था कि एक्टिंग नहीं कर पाएंगी

एक समय था जब रिया चक्रवर्ती फिल्मों से ज्यादा विवादों की वजह से चर्चा में थीं। उनसे जुड़ी खबरों में एक्टिंग कम और आरोप, बहस, ट्रोलिंग और जांच ज्यादा दिखाई देती थी। लेकिन इस कहानी की शुरूआत वहां से नहीं होती। इसकी शुरूआत एक ऐसी लड़की से होती है जो आर्मी परिवार से मुंबई आई थी और एक्ट्रेस बनना चाहती थी।

फिर रास्ते में रिजेक्शन मिला। यशराज की फिल्म हाथ से निकल गई। बॉलीवुड में फ्लॉप का ठप्पा लगा। महेश भट्ट के साथ रिश्तों पर सवाल उठे। फिर 2020 आया और जिंदगी पूरी तरह बदल गई। 27 दिन जेल, काम बंद हुआ, सोशल मीडिया ट्रायल, मानसिक संघर्ष और यह एहसास कि शायद अब कभी कैमरे के सामने लौटना नहीं होगा।

रिया ने नए सिरे से शुरूआत की। बिजनेस शुरू किया, अपना मंच बनाया और अब कई साल बाद फिर एक्टिंग में वापसी की तैयारी कर रही हैं। यह सिर्फ कमबैक नहीं, बल्कि दूसरे अध्याय की कहानी है। 1 जुलाई 1992 को बेंगलुरु में जन्मीं रिया चक्रवर्ती एक आर्मी परिवार से आती हैं। उनके पिता लेफ्टिनेंट कर्नल इंद्रजीत चक्रवर्ती भारतीय सेना में रहे। परिवार का बैकग्राउंड फिल्मी नहीं था। उन्होंने कम उम्र में तय कर लिया था कि उन्हें कैमरे के सामने काम करना है।

रिया ने इंडस्ट्री में जगह बनाने के लिए ऑडिशन दिए। यशराज की फिल्म ह्यबैंड बाजा बारातह्न के लिए भी ऑडिशन दिया, लेकिन चयन नहीं हुआ। बाद में फिल्म हिट साबित हुई। यह शुरूआती रिजेक्शन था, लेकिन उन्होंने दूसरा रास्ता चुना। उन्होंने तेलुगु फिल्म ह्यतुनीगा तुनीगाह्न से शुरूआत की और बाद में हिंदी फिल्मों की तरफ बढ़ीं।

# 'वेलकम टू द जंगल' की कमाई 100 करोड़ पार

अक्षय कुमार स्टारर कॉमेडी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' ने बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के महज 4 दिनों में 100 करोड़ रुपए का आंकड़ा पार कर लिया है। ट्रेड ट्रैकिंग वेबसाइट सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने 4 दिनों में वर्ल्डवाइड 106.48 करोड़ रुपए का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। भारतीय बाजार में भी फिल्म का प्रदर्शन लगातार मजबूत बना हुआ है और यहां इसका नेट कलेक्शन 72.25 करोड़ रुपए तक पहुंच गया है। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन से ही अच्छी पकड़ बनाई है। पहले गुरुवार को 3.75 करोड़ रुपए की ओपनिंग के बाद फिल्म की कमाई में लगातार बढ़ोतरी देखी गई। शुक्रवार को फिल्म ने 15.25 करोड़ रुपए और शनिवार को 20 करोड़ रुपए का बिजनेस किया।

वहीं, रविवार को फिल्म ने सबसे ज्यादा 24.75 करोड़ रुपए की कमाई की। सोमवार को भी फिल्म ने 8.5 करोड़ रुपए जोड़कर भारत में अपना कुल नेट कलेक्शन 72.25 करोड़ रुपए पहुंचा दिया है।





# आकांक्षा से तलाक पर बोले गौरव खन्ना, प्यार आज भी उतना ही है

टीवी एक्टर और बिग बॉस 19 के विनर गौरव खन्ना ने अपनी पत्नी आकांक्षा चमोला से तलाक पर पहली बार बयान दिया है। आकांक्षा ने हाल ही में रियलिटी शो ह्यलॉक अप सीजन 2ह्न में गौरव से अलग होने का एलान किया था। इसके बाद 30 जून को 'लाफ्टर शेफ्स' के सेट के बाहर मीडिया से बात करते हुए गौरव ने कहा कि वे आकांक्षा को हमेशा सपोर्ट करेंगे क्योंकि वे उनकी पत्नी हैं। गौरव ने आकांक्षा को उनके नए शो के लिए शुभकामनाएं भी दी हैं।

गौरव बोले- प्यार और सपोर्ट आज भी उतना ही है लाफ्टर शेफ्स के सेट पर पहुंचे गौरव खन्ना से जब पैपराजी ने उनके हालचाल और सोशल मीडिया पर चल रहे विवादों को लेकर सवाल किया, तो उन्होंने मुस्कुराते हुए जवाब दिया। गौरव ने कहा कि उनका हाल बिल्कुल पहले जैसा ही है।

उन्होंने कहा, प्यार आज भी उतना ही है और सपोर्ट भी उतना ही है। मैं हमेशा आकांक्षा को सपोर्ट करूंगा, वो मेरी बीवी है। प्यार किया तो पीछे क्यों हटूं।ꀁ गौरव ने आगे कहा कि वे हमेशा आकांक्षा के साथ खड़े हैं और चाहते हैं कि वो शो में अच्छा खेलें और जीतकर आएं।

# नरगिस फाखरी ने जयपुर में खुद बनाई कुल्हड़ वाली चाय

बॉलीवुड अभिनेत्री नरगिस फाखरी इन दिनों अपने जयपुर दौरे को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा में हैं। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर ह्यजयपुर को खूबसूरत दिखाने के लिए किसी फिल्टर की जरूरत नहीं थी... और मुझे भी नही

कैप्शन के साथ एक वीडियो साझा किया गया है, जिसमें पिंकसिटी की खूबसूरती, यहां की संस्कृति, खानपान और आम जिंदगी को बेहद खूबसूरत अंदाज में दिखाया गया है। वीडियो में नरगिस किसी सेलिब्रिटी की तरह नहीं, बल्कि एक आम पर्यटक की तरह जयपुर की गलियों में घूमती, स्थानीय लोगों से मिलती और शहर के रंग में रंगी नजर आती हैं।



वीडियो की शुरूआत जयपुर की ऐतिहासिक और गुलाबी इमारतों से होती है। इसके बाद नरगिस को शहर की संकरी और रंग-बिरंगी गलियों में घूमते, बाजारों की रौनक निहारते और स्थानीय संस्कृति को करीब से महसूस करते देखा जा सकता है। उन्होंने यह दिखाने की कोशिश की कि जयपुर की असली खूबसूरती उसकी विरासत, लोग और रोजमर्रा की जिंदगी में बसती है, जिसे किसी फिल्टर की जरूरत नहीं। यहां उन्होंने कठपुतली के साथ जयपुर की कहानी को एन्जॉय किया, यहां की ज्वैलरी को भी अपने साथ जोड़ते हुए दिखाया।

## चाय की टपरी पर बनाया कुल्हड़ वाली चाय

वीडियो का सबसे चर्चित हिस्सा वह रहा, जब नरगिस जयपुर की मशहूर साहू टी स्टॉल पर पहुंचीं। यहां उन्होंने खुद चाय बनाना सीखा, चाय को अपने हाथों से तैयार किया और फिर कुल्हड़ में बैठकर उसका स्वाद लिया। फाइव स्टार लाइफस्टाइल की आदी मानी जाने वाली अभिनेत्री का यह सादगीभरा अंदाज लोगों को खूब पसंद आ रहा है। स्थानीय लोगों के बीच बैठकर चाय पीते हुए नरगिस ने मुस्कुराते हुए बातचीत भी की। सोशल मीडिया पर उनके इस वीडियो को देखकर फैंस लगातार उनकी सादगी और जमीन से जुड़े व्यवहार की तारीफ कर रहे हैं।

## लग्जरी कार छोड़ चुनी ई-रिक्शा की सवारी

जयपुर घूमने के लिए नरगिस ने लग्जरी गाड़ियों की बजाय ई-रिक्शा को चुना। वीडियो में वह ई-रिक्शा में बैठकर शहर की पुरानी गलियों, बाजारों और ऐतिहासिक रास्तों का आनंद लेती नजर आती हैं। रिक्शा की सवारी के दौरान उनके चेहरे पर उत्साह और सुकून साफ दिखाई देता है। उन्होंने रास्ते भर शहर की खूबसूरत इमारतों, रंग-बिरंगे बाजारों और स्थानीय जीवन को कैमरे में कैद किया। अपने इस ट्रैवल वीडियो में नरगिस ने जयपुर की शॉपिंग, स्थानीय बाजारों, हस्तशिल्प, पारंपरिक माहौल और शहर की जीवंत संस्कृति को भी जगह दी है। उन्होंने यह संदेश दिया कि किसी शहर को समझना हो तो उसके लोगों के बीच जाना चाहिए, स्थानीय स्वाद चखना चाहिए और उसकी गलियों में वक्त बिताना चाहिए। उनका यह वीडियो केवल पर्यटन नहीं, बल्कि जयपुर की संस्कृति और जीवनशैली का एक खूबसूरत अनुभव बनकर सामने आया है।

## सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो



नरगिस का यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हजारों लोग इसे शेयर कर रहे हैं और कमेंट्स में जयपुर की खूबसूरती की तारीफ कर रहे हैं। कई यूजर्स ने लिखा कि नरगिस ने जयपुर को उसी रूप में दिखाया है, जैसा यह वास्तव में है बिना किसी बनावट और बिना किसी फिल्टर के। नरगिस फाखरी ने अपने करियर की शुरूआत अंतरराष्ट्रीय मॉडलिंग से की थी। भारत में उन्हें पहचान रणबीर कपूर के साथ फिल्म 'रॉकस्टार' (2011) से मिली। पहली ही फिल्म में उनके अभिनय और स्क्रीन प्रेजेंस को काफी सराहा गया।


## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...





## रंग भरकर चित्र बनाओ






## जोक्स

पिता (बेटे पर गुस्सा करते हुए) - एक काम ढंग से नहीं होता तुझसे।
तुम्हें पुदीना लाने के लिए कहा था और तुम धनिया ले आए...
तुझ जैसे बेवकूफ को तो घर से निकाल देना चाहिए...!
बेटा - पापा चलो इकट्ठे ही चलते हैं...
पिता - क्यों...?
बेटा - क्योंकि मम्मी कह रही थी कि ये मेथी है...!!!
00000000000

संता - सुबह-सुबह पड़ोसन बोल रही थी कि मेरे पेट में चूहे दौड़ रहे हैं...
बंता - तो फिर तुमने क्या किया...?
संता - मैंने उसे चूहे मारने की दवा खिला दी...
दो घंटे से सो रही है,
थैंक्यू भी नहीं बोला...!!!
00000000000

## वर्ग पहेली



वर्ग पहेली



**बाएं से दाएं**
1. अचंभा, आश्चर्य-4
3. अच्छी रुचि, कलात्मक रुचि-3
6. पिता के छोटे भाई, काका-2
7. माह, मास-3
9. धावक (अंग्रेजी-3)
11. नया जीवन, उद्धार होना-5
12. लक्ष्मी, धन की देवी-3
15. बुरी आदत-2
16. पैर, पांव-2
18. देवमुनि, देवर्षि-3
20. शिकायत करना-5
22. रनिवास-3
24. बेकार, आवारा-3
26. छोटा टुकड़ा-2
27. अभिनय, कथा मंचन-3
28. सुगंध फैलाना-4

**ऊपर से नीचे**
1. सहसा, अकस्मात-4
2. एक प्रकार की शराब-2
3. प्रतिभाशाली-3
5. मननशील-5
6. चतुर्थ-2
8. नाव खेना-2,3
10. पासे फेंककर भविष्य जानने की विद्या-3
13. पैर मारना-5
14. मन की इच्छा-5
17. प्रकार-3
19. टूटना, बिखरना-4
21. पराजित होना, हारना-3
23. चालीस किलो के वजन को यह भी कहते हैं-2
25. पथ, रास्ता, मार्ग-2

## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 20 | | 45 | | 2 | | 20 | = | 47 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 64 | | 55 | | 47 | | 35 | = | 21 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 75 | | 56 | | 60 | | 7 | = | 72 |
| | ■ | | ■ | | ■ | | ■ | |
| 50 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 7 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 59 | | 22 | | 36 | | 42 | = | 20 / 31 |

**संकेत**

खाली जगहों में आपको केवल (+), (-), (x) व (÷) के निशान लगाने हैं, जिनका उत्तर (=) पूर्णत: मेल खाता हो.

## शब्दों का जाल



शब्दजाल में दस धार्मिक स्थलों के नाम ढूंढ़िए. नाम ऊपर से नीचे व तिरछे हो सकते हैं.

हरिद्वार, गंगोत्री, वैष्णोदेवी, बद्रीनाथ, नासिक, केदारनाथ, अमरनाथ, ऋषिकेष, काशी, वाराणसी

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 5 | | 3 | | 2 |
| | 32 | 7 | 32 | | 30 | |
| 3 | | 4 | 6 | | | 7 |
| | 22 | | 37 | 7 | 39 | |
| 4 | | 2 | | | 1 | 5 |
| | 34 | | 34 | 5 | 28 | |
| 7 | | 6 | 3 | | 2 | |

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक लिखना अनिवार्य है. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

**माथा पच्ची का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | + | 3 | - | 24 | x | 3 | = | 36 |
| - | ■ | x | ■ | + | ■ | x | ■ | + |
| 25 | - | 10 | + | 41 | + | 8 | = | 64 |
| x | ■ | + | ■ | + | ■ | + | ■ | + |
| 5 | x | 2 | + | 1 | - | 10 | = | 1 |
| - | ■ | - | ■ | - | ■ | - | ■ | - |
| 35 | + | 10 | - | 29 | + | 15 | = | 31 |
| = | ■ | = | ■ | = | ■ | = | ■ | = |
| 5 | - | 5 | + | 36 | - | 19 | = | |

**अष्टयोग का हल**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 |
| 6 | 28 | 1 | 36 | 2 | 30 | 4 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 |
| 7 | 36 | 2 | 37 | 3 | 25 | 6 |
| 4 | 5 | 6 | 7 | 1 | 2 | 3 |
| 5 | 33 | 7 | 37 | 4 | 33 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |

**शब्दजाल का हल**



## सूडोकु नवताल-

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 6 | | | |
| | | | | | 2 | 7 | | |
| | 6 | 8 | | | | 9 | | |
| 5 | 3 | | | | | | | 6 |
| | | | | 6 | | | | |
| 7 | | | | | | | 9 | 2 |
| | | 9 | | | | 8 | 5 | |
| | | 2 | 1 | | | | | |
| | | | 3 | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | 7 | 1 | 3 | 6 | 4 | 8 | 5 |
| 3 | 1 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 9 | 7 |
| 5 | 4 | 8 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 |
| 7 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 9 | 2 | 8 | 1 | 7 | 3 |
| 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 9 | 3 | 6 | 8 |
| 6 | 3 | 2 | 8 | 4 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 1 | 7 | 4 | 2 |

# ईरान बोला- फंसे हुए पैसे लेने दोहा जा रहे, अमेरिका से कोई बातचीत नहीं होगी




# कतर-पाकिस्तान के जरिए बात करेंगे ट्रम्प के दामाद

**ब्रह्मास्त्र** ›› वाशिगंटन

अमेरिका और ईरान के बीच 17 जून को हुए समझौता ज्ञापन को लागू करने की कोशिशों के बीच दोनों देशों की टीमें कतर की राजधानी दोहा पहुंच रही हैं। हालांकि ईरान ने साफ कर दिया है कि उनका डेलिगेशन अमेरिका से सीधी बातचीत नहीं करेगा।

ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघई ने कहा कि उनका मकसद अभी विदेशों में फंसी फ्रीज्ड फंड जारी कराना है। जब तक इस दिशा में कोई काम नहीं होगा, तब तक वह शांति समझौते पर आगे बातचीत नहीं होगी।

वहीं अमेरिका के विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर भी दोहा पहुंच चुके हैं। अमेरिका और ईरान के प्रतिनिधिमंडल आमने-सामने नहीं बैठेंगे, बल्कि दोनों पक्षों के बीच बातचीत मध्यस्थों के जरिए होगी।

17 जून को अमेरिका और ईरान के बीच एक अंतरिम समझौता हुआ था। इसके तहत ईरान अपने एनरिच्ड यूरेनियम के स्टॉक को कम करेगा। बदले में अमेरिका ईरानी तेल निर्यात पर कुछ प्रतिबंधों में राहत देगा, होर्मुज में जहाजों की आवाजाही सामान्य करने की कोशिश करेगा और दोनों देशों को अंतिम समझौते के लिए 60 दिन का समय मिलेगा।

1. होर्मुज से जहाजों की आवाजाही घटीः समुद्री ट्रैकिंग कंपनी केप्लर के आंकड़ों के मुताबिक, शनिवार को कुल 29 मालवाहक जहाज होर्मुज से गुजरे, जबकि रविवार को यह संख्या घटकर सिर्फ 12 रह गई।

2. होर्मुज को लेकर ईरान और ओमान की मीटिंगः ईरान और ओमान ने सोमवार को मस्कट में जॉइंट होर्मुज कमेटी की पहली बैठक की। इसमें होर्मुज स्ट्रेट को चलाने को लेकर चर्चा हुई।

3. खामेनेई के अंतिम संस्कार में शामिल होगा इंडियन डेलिगेशनः ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार में बिहार के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन और विदेश राज्य मंत्री पबित्रा मार्गेरिटा शामिल हो सकते हैं।

4. ईरान बोला- कतर में फंसे 6 अरब डॉलर जल्द मिलेंगेः ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा है कि कतर में फंसी ईरान की 12 अरब डॉलर की राशि में से 6 अरब डॉलर जल्द जारी कर दिए जाएंगे।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 17 जून को ईरान के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके बाद अमेरिका और इजराइल के कई नेताओं ने इस समझौते की आलोचना की। इसके बाद उपराष्ट्रपति वेंस और विदेश मंत्री रूबियो दोनों अलग-अलग देशों के दौरे पर गए और समझौते का बचाव किया। हालांकि दोनों के बयानों में कुछ अंतर दिखाई दिया, जिससे यह चर्चा शुरू हो गई कि क्या ट्रम्प प्रशासन के भीतर मतभेद हैं।

### समझिए मामला क्या है

जेडी वेंस और मार्को रूबियो दोनों ट्रम्प सरकार के सबसे बड़े विदेश नीति चेहरे हैं। लेकिन दोनों की सोच पहले से अलग रही है। जेडी वेंस मानते हैं कि अमेरिका को विदेशों के युद्धों में कम दखल देना चाहिए और बातचीत के जरिए विवाद सुलझाने चाहिए। मार्को रूबियो लंबे समय से ईरान जैसे देशों के खिलाफ सख्त रुख अपनाने के पक्षधर रहे हैं। उन्हें रिपब्लिकन पार्टी का 'हॉक' यानी कड़ा रुख रखने वाला नेता माना जाता है।




### इजराइल पर दोनों की राय अलग दिखी

वेंस ने इजराइल से कहा कि वह हर चुनौती का जवाब सिर्फ बमबारी से नहीं दे सकता। रूबियो ने कहा कि लेबनान में इजराइल की सैन्य कार्रवाई हिजबुल्लाह के हमलों का जवाब है। वेंस ने कहा कि अमेरिका और ईरान भविष्य में मिलकर शांति और स्थिरता के लिए काम कर सकते हैं। उन्होंने ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम को पूरी तरह खत्म करने की पुरानी अमेरिकी मांग को ज्यादा महत्व नहीं दिया।

रूबियो ने कहा कि ईरान होर्मुज से गुजरने वाले जहाजों से किसी तरह का शुल्क या टोल नहीं वसूल सकता। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका कोई भी ऐसा समझौता नहीं करेगा जिससे उसके या उसके सहयोगियों के हित प्रभावित हों। वेंस ने कहा कि भविष्य में खाड़ी के अरब देश ईरान के पुनर्निर्माण में आर्थिक मदद कर सकते हैं।

### अमेरिका-ईरान के बीच होने वाली तकनीकी वार्ता का मतलब क्या है?

अमेरिका और ईरान के डेलिगेशन मंगलवार को कतर की राजधानी दोहा पहुंच रहे हैं। यहां दोनों देशों के बीच हाल ही में हुए समझौता ज्ञापन को लागू करने के तरीकों पर तकनीकी स्तर की बातचीत होगी।

यह बातचीत इस महीने स्विट्जरलैंड में हुई उच्चस्तरीय बैठक से अलग है। उस बैठक में दोनों देशों के वरिष्ठ नेता आमने-सामने मिले थे। लेकिन दोहा में अमेरिकी और ईरानी प्रतिनिधि एक-दूसरे से सीधे नहीं मिलेंगे। कतर के अधिकारी दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाएंगे।

कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल-अंसारी ने कहा कि यह उच्चस्तरीय नहीं, बल्कि तकनीकी बैठक है। इसमें तैयार किए गए दस्तावेज बाद में वरिष्ठ नेताओं की बैठक में रखे जाएंगे, जहां अंतिम फैसले लिए जाएंगे।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी-ताकाइची बैठक में हो सकता है ऐलान

# भारत-जापान में डॉलर के बिना व्यापार की तैयारी, रुपए-येन में लेनदेन होगा, कई मुद्दों पर होगी चर्चा




**ब्रह्मास्त्र** ›› नई दिल्ली

भारत और जापान व्यापार में अमेरिकी डॉलर की भूमिका कम करने की तैयारी कर रहे हैं। निक्की एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक दोनों देश ऐसी व्यवस्था बनाने पर काम कर रहे हैं, जिससे कारोबार का भुगतान सीधे भारतीय रुपए और जापानी येन में हो सके।

इस प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची की नई दिल्ली में होने वाली बैठक के बाद ऐलान किया जा सकता है। साने ताकाइची आज 3 दिन के भारत दौरे पर आ रही हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद यह उनका पहला भारत दौरा होगा। दोनों नेताओं के बीच होने वाले 16वें भारत-जापान सलाना शिखर सम्मेलन में व्यापार, निवेश, रक्षा, सेमीकंडक्टर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, ऑटोमोबाइल, सप्लाई चेन और हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा जैसे कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

अगर भारत और जापान के बीच भुगतान से जुड़ा ये प्रस्ताव लागू होता है तो दोनों देशों के बीच पहली बार स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को लेकर औपचारिक व्यवस्था बनेगी। इस योजना के तहत जापानी कंपनियां भारत के बैंकों में विशेष खाते खोलकर सीधे रुपए और येन में लेनदेन कर सकेंगी। यानी लेनदेन के लिए अमेरिकी डॉलर या किसी तीसरे देश के बैंक की जरूरत नहीं पड़ेगी। इस व्यवस्था से विदेशी मुद्रा बदलने का खर्च कम होगा, पैसे भेजने की लागत घटेगी और भुगतान पहले के मुकाबले जल्दी हो सकेगा।

### 2025 में बनी थी सहमति अब लागू करने की तैयारी

स्थानीय मुद्राओं के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए जापान का वित्त मंत्रालय वित्त वर्ष 2026 के दौरान भारतीय रिजर्व बैंक के साथ एक सहयोग समझौता करने की तैयारी में है। यह प्रस्ताव पूरी तरह नया नहीं है। अगस्त 2025 में प्रधानमंत्री मोदी की जापान यात्रा के दौरान दोनों देशों ने अगले 10 वर्षों के लिए साझा विजन दस्तावेज जारी किया था। उसमें भी पेमेंट सिस्टम और स्थानीय मुद्राओं में व्यापार बढ़ाने की बात कही गई थी। अब उसी योजना को आगे बढ़ाया जा रहा है।

भारत भी पिछले कुछ वर्षों से रुपए में अंतरराष्ट्रीय व्यापार को बढ़ावा दे रहा है। जुलाई 2022 में ने स्पेशल रुपी वोस्त्रो अकाउंट शुरू किया था, ताकि दूसरे देशों के साथ रुपए में व्यापार हो सके। बाद में इस व्यवस्था का दायरा बढ़ाया गया और विदेशी बैंकों को इन खातों में जमा अतिरिक्त रकम भारतीय सरकारी बॉन्ड में निवेश करने की भी अनुमति दी गई।

भारत पहले से बढ़ा रहा रुपए में कारोबार

संसद में सरकार ने बताया था कि अब तक 30 देशों के 123 विदेशी बैंकों के लिए भारत के 26 बैंकों में 156 विशेष रुपया वोस्त्रो खाते खोले जा चुके हैं। फ्ङकका कहना है कि इससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में मजबूत विदेशी मुद्राओं पर निर्भरता कम होगी और रुपए का वैश्विक इस्तेमाल बढ़ेगा।


जापान भी एशिया के दूसरे देशों के साथ स्थानीय मुद्राओं में व्यापार को बढ़ावा दे रहा है। दिसंबर 2025 में उसने इंडोनेशिया के साथ भी ऐसा ही समझौता किया था, जिससे दोनों देशों के बीच स्थानीय मुद्राओं में सभी तरह के लेनदेन को बढ़ावा दिया जा सके।

### भारत में बढ़ रहा जापानी निवेश

भारत और जापान के आर्थिक रिश्ते लगातार मजबूत हो रहे हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में दोनों देशों के बीच 27.5 अरब डॉलर का व्यापार हुआ। अप्रैल से दिसंबर 2025 के बीच जापान ने भारत में 3.2 अरब डॉलर का निवेश किया। वहीं जापान अगले 10 वर्षों में भारत में 61 अरब डॉलर से ज्यादा निवेश करने का लक्ष्य भी तय कर चुका है। फिलहाल भारत में करीब 1,400 जापानी कंपनियां काम कर रही हैं, जिनमें लगभग आधी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर से जुड़ी हैं। जापान मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना समेत कई बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स में भी निवेश कर रहा है।

# पीओके में प्रदर्शन, लोग बोले- हम पाकिस्तान का हिस्सा नहीं, नेता-कार्यकर्ता हिरासत में

**ब्रह्मास्त्र** ›› रावलकोट



पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में पाकिस्तान सरकार के खिलाफ प्रदर्शन तेज हो गए हैं। मंगलवार को रावलकोट के ईदगाह ग्राउंड में हजारों लोग जुटे। उन्हेंने कहा कि पीओके पाकिस्तान का हिस्सा नहीं है।

यह आंदोलन जम्मू-कश्मीर अवामी एक्शन कमेटी की अगुआई में चल रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, खअअउ के प्रमुख नेता शौकत नवाज मीर को दो साथियों के साथ धीरकोट के सांगर फत्तारे इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया। पीओके में JAAC के 600 से ज्यादा नेता और कार्यकताओं को भी हिरासत में लिया गया है।

प्रदर्शन के दौरान JAAC नेता सरदार अमन खान ने कहा, हमें आपके राशन की जरूरत नहीं, आपको हमारी जरूरत है। अगर जरूरी सामान की सप्लाई बंद रही तो लोग जिंदा रहने के लिए दूसरा रास्ता चुनने को मजबूर होंगे। उनका आरोप है कि पाकिस्तान सरकार आंदोलन को दबाने के लिए जानबूझकर जरूरी सामान की सप्लाई रोक रही है।

रिपोर्ट के मुताबिक, आंदोलन महंगाई, खाद्य संकट, बढ़ती कीमतों और स्थानीय प्रशासन के मुद्दों को लेकर शुरू हुआ था। अब यह पाकिस्तान सरकार के खिलाफ राजनीतिक विरोध का रूप ले चुका है। हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने रावलकोट और मीरपुर के लोगों को असल कश्मीरी नहीं बताया था। इसके बाद विरोध और बढ़ गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, JAAC के कई नेताओं और कार्यकताओं पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत केस भी दर्ज किए गए हैं। सरकार ने 5 जून को खअअउ पर आतंकवाद विरोधी कानून के तहत प्रतिबंध लगा दिया था।

### इंटरनेट बंद, 22 मौतों का दावा

रिपोर्ट के मुताबिक, जून की शुरूआत से ढङ्क के कई इलाकों में इंटरनेट सेवाएं सीमित हैं। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि आंदोलन की तस्वीरें और वीडियो बाहर जाने से रोकने के लिए ऐसा किया गया है। पिछले दो हफ्तों में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़पों में कम से कम 22 लोगों की मौत हुई है। गिलगित-बाल्टिस्तान के बाद 27 जुलाई को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे। विधानसभा में कुल 53 सीटें हैं। इनमें से 45 सीटों पर सीधे चुनाव होता है, जबकि 8 सीटें महिलाओं, तकनीकी विशेषज्ञों और धार्मिक विद्वानों के लिए आरक्षित हैं।

## महाराजा रणजीत सिंह की बरसी पर पाकिस्तान गए श्रद्धालु लौटे

**ब्रह्मास्त्र** ›› नई दिल्ली

महाराजा रणजीत सिंह की बरसी के अवसर पर पाकिस्तान गया सिख श्रद्धालुओं का जत्था मंगलवार को अटारी-वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत लौट आया। इस यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने ननकाना साहिब, पंजा साहिब, करतारपुर साहिब सहित कई ऐतिहासिक गुरुद्वारों के दर्शन किए।

भारत लौटने पर श्रद्धालुओं के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। श्रद्धालुओं ने बताया कि यह यात्रा उनके लिए काफी इमोशनल रही। इसे वह भुला नहीं सकते। अमृतसर के श्रद्धालु बलवीर सिंह ने कहा कि सबसे पहले उन्होंने ननकाना साहिब में गुरु नानक देव जी के जन्मस्थान के दर्शन किए। इसके बाद पंजा साहिब, लाहौर स्थित अन्य ऐतिहासिक गुरुद्वारे और करतारपुर साहिब के दर्शन का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि इन पवित्र स्थलों पर पहुंचकर मन को गहरी शांति और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त हुआ। कहा मैं तो चाहता हूं कि दोनों मुल्क फिर से एक हो जाए और खुशी और समृद्धि में और बढ़ोतरी हो जाए। श्रद्धालुओं ने पाकिस्तान में की गई व्यवस्थाओं की भी सराहना की।

## अमेरिकी सांसद बोले-भारत से 30 साल में सबसे खराब रिश्ते

**ब्रह्मास्त्र** ›› वाशिगंटन

भारतीय मूल के अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसद रो खन्ना ने कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नीतियों की वजह से भारत और अमेरिका के रिश्ते पिछले 30 साल में सबसे खराब दौर में पहुंच गए हैं। वॉशिंगटन में आयोजित यूएस-इंडिया स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप फोरम (वरक्रढक्र) लीडरशिप समिट 2026 में उन्होंने कहा कि ट्रम्प की टैरिफ नीति, ईरान के साथ युद्ध और सहयोगी देशों से बिना सलाह लिए फैसले करने से अमेरिका की साख को नुकसान पहुंचा है। खन्ना ने कहा

मैं बातों को घुमाकर नहीं कहता। भारत-अमेरिका के रिश्ते पिछले 30 साल में सबसे निचले स्तर पर हैं। ईरान युद्ध का असर भारत में गैस की कीमतों पर भी पड़ा। अगर भरोसा नहीं है तो विदेश मंत्री एस. जयशंकर से पूछ लीजिए।

रो खन्ना ने ट्रम्प की टैरिफ नीति को भी गलत बताया। उन्होंने दावा किया कि हाल ही में चीन यात्रा के दौरान उनकी मुलाकात एक भारतीय राजदूत से हुई। खन्ना के मुताबिक राजदूत ने उनसे कहा, ह्यआपके राष्ट्रपति की वजह से भरोसे की एक पूरी पीढ़ी खत्म हो गई है। उन्होंने कहा कि अगर ट्रम्प की नीतियों से हुए नुकसान को स्वीकार नहीं किया गया तो यह सच्चाई से मुंह मोड़ने जैसा होगा। रो खन्ना ने ट्रम्प को लेम डक राष्ट्रपति बताते हुए दावा किया कि डेमोक्रेटिक पार्टी अगले मिड-टर्म चुनाव में प्रतिनिधि सभा में बहुमत हासिल करेगी और 2028 का राष्ट्रपति चुनाव भी जीतेगी। नई पीढ़ी को अमेरिका के साथ-साथ दुनिया के देशों के साथ उसके रिश्ते भी दोबारा मजबूत करने होंगे। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी. रूजवेल्ट का जिक्र करते हुए कहा कि वे दुनिया के देशों के साथ मिलकर चलने में विश्वास रखते थे और भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का भी समर्थन करते थे।

# अमेरिका में जन्मजात नागरिकता कानून बरकरार, सुप्रीम कोर्ट ने ट्रम्प का आदेश रद्द किया


### शपथ लेने के कुछ घंटे बाद ही जारी किया था आदेश

**ब्रह्मास्त्र** ›› वाशिगंटन

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को बड़ा संवैधानिक फैसला सुनाते हुए कहा कि अमेरिका में जन्म लेने वाला हर बच्चा जन्म से अमेरिकी नागरिक होगा, चाहे उसके माता-पिता देश में अवैध रूप से रह रहे हों या फिर अस्थायी वीजा पर आए हों।

अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उस कार्यकारी आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें ऐसे बच्चों को जन्म से नागरिकता देने से इनकार किया गया था। यह फैसला 5-4 के बहुमत से आया। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने बहुमत का फैसला लिखा। अमेरिका में पिछले 158 साल से यह व्यवस्था लागू है कि वहां जन्म लेने वाला हर बच्चा अपने जन्म के साथ ही अमेरिकी नागरिक बन जाता है। यह अधिकार अमेरिकी संविधान के 14वें संशोधन में दिया गया है।

ट्रम्प ने अपने शपथ ग्रहण वाले दिन यानी 20 जनवरी 2025 को एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर साइन कर बर्थ राइट सिटीजनशिप पर रोक लगा दी थी। इसके कुछ ही दिन बाद कई संघीय (फेडरल) जिला अदालतों ने इस आदेश पर अस्थायी रोक लगा दी। यानी ट्रम्प का आदेश लागू ही नहीं हो सका। हालांकि उस समय बर्थराइट सिटिजनशिप पर रोक नहीं लगी थी, बल्कि ट्रम्प के आदेश पर रोक लगी थी। इसके बाद फिर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। सुप्रीम कोर्ट ने अब अंतिम फैसला देते हुए कहा कि 14वां संशोधन जन्मजात नागरिकता की गारंटी देता है। इसलिए ट्रम्प का आदेश असंवैधानिक है और उसे रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में यह भी कहा कि अमेरिकी संसद (कांग्रेस) सामान्य कानून बनाकर जन्म से नागरिकता के अधिकार का दायरा नहीं बदल सकती। अगर इस व्यवस्था में बदलाव करना है, तो इसके लिए संविधान में संशोधन करना होगा। 1 अप्रैल को ट्रम्प इस मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में मौजूद रहे। किसी मौजूदा अमेरिकी राष्ट्रपति का सुप्रीम कोर्ट में इस तरह सुनवाई के दौरान मौजूद रहना बेहद दुर्लभ माना जाता है। अगर ट्रम्प का यह आदेश लागू हो जाता, तो हर साल अमेरिका में जन्म लेने वाले करीब 2.5 लाख बच्चों की कानूनी स्थिति प्रभावित होती। साथ ही परिवारों को अपने नवजात बच्चे की नागरिकता तय कराने के लिए माता-पिता की नागरिकता और इमिग्रेशन स्थिति के दस्तावेज भी देने पड़ते।



### अमेरिका में 157 साल पहले मिला था जन्मजात नागरिकता का अधिकार

1865 में अमेरिकी गृहयुद्ध खत्म होने के बाद, जुलाई 1868 में अमेरिकी संसद में 14वें संशोधन को मंजूरी दी गई थी। इसमें कहा गया था कि देश में पैदा हुए सभी अमेरिकी नागरिक हैं। इस संशोधन का मकसद गुलामी के शिकार अश्वेत लोगों को अमेरिकी नागरिकता देना था। हालांकि, इस संशोधन की व्याख्या इस प्रकार की गई है कि इसमें अमेरिका में जन्में सभी बच्चों को शामिल किया जाएगा, चाहे उनके माता-पिता का इमिग्रेशन स्टेट्स कुछ भी हो। ट्रम्प और उनके समर्थकों का दावा है कि इस कानून का फायदा उठाकर गरीब और युद्धग्रस्त देशों से आए लोग अमेरिका आकर बच्चों को जन्म देते हैं। ये लोग पढ़ाई, रिसर्च, नौकरी के आधार पर अमेरिका में रुकते हैं। बच्चे का जन्म होते ही उन्हें अमेरिकी नागरिकता मिल जाती है।

■ वर्ष-12 अंक-238 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात महाराष्ट्र राजस्थान उत्तरप्रदेश उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, बुधवासरः 01 जुलाई, 2026

## सुभाषितानि

बालस्तावत् क्रीडासक्त:, तरुणस्तावत् तरुणीसक्त:।
वृद्धस्तावच्चिन्तासक्त:, परे ब्रह्मणि कोऽपि न सक्त:।।

**भावार्थ** : बचपन में खेल में रुचि होती है , युवावस्था में युवा स्त्री के प्रति आकर्षण होता है, वृद्धावस्था में चिंताओं से घिरे रहते हैं पर प्रभु से कोई प्रेम नहीं करता है।

यावत्पवनो निवसति देहे, तावत् पृच्छति कुशलं गेहे।
गतवति वायौ देहापाये, भार्या बिभ्यति तस्मिन्काये॥

**भावार्थ** : जब तक शरीर में प्राण रहते हैं तब तक ही लोग कुशल पूछते हैं। शरीर से प्राण वायु के निकलते ही पत्नी भी उस शरीर से डरती है।

## न्यायालयेन उक्तं यत् केवलं धर्मान्तरणस्य आधारेण कश्चन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नव देहली

न्यायालयेन उक्तं यत् केवलं धर्मान्तरणस्य आधारेण कश्चन व्यक्तिः एतेषां समुदायानाम् सदस्यः इति न गणयितुं शक्यते। विभागीयपीठिका स्वस्य निर्णये १९५१ तमे वर्षे जी. माइकल बनाम एस वेंकटेश्वरन्, एतत् अवलोक्य यत् यदा हिन्दुः इस्लामधर्मं स्वीकुर्वति तदा ते मुस्लिमः भवन्ति; मुस्लिमसमाजस्य अन्तः तेषां सामाजिका वा सामुदायिकपरिचयः तेषां पूर्वजात्या स्वयमेव न निर्धारिता भवति। न्यायालयेन अवलोकितं यत् इस्लामधर्मः समानतायाः सन्देशं प्रसारयति, सवेषां मुसलमानानां समानं स्थानं च ददाति। अतः धर्मान्तरितान् पृथक वर्गं निर्माय ˏपिछड़ावर्गीयमुसलमानाः।

## सम्पादकीयम्

### इस्लामाबादस्य दीर्घकालीननीतिः

शतशः मृताः, सहस्राणि विस्थापिताः। अस्य विग्रहस्य भारं साधारणाः जनाः वहन्ति। डुराण्ड् रेखायाः उभयतः निवासिनः पूर्वमेव आतङ्कवादं, दारिद्र्यं च सहितं विविधानि कष्टानि सहन्ते। समाचारानुसारं पाकिस्तानस्य आक्रमणेषु १५० तः अधिकाः अफगानिस्तानदेशिनः प्राणान् त्यक्तवन्तः; अधिकांशः पीडितः महिलाः बालकाः च सन्ति। संयुक्तराष्ट्रसङ्घस्य अनुमानं यत् प्रायः ११५,००० जनाः स्वगृहात् पलायनं कर्तुं बाध्यन्ते। इस्लामाबादस्य दीर्घकालीननीतिः। २०२१ तमे वर्षे तालिबान्-सङ्घस्य सत्तां प्रत्यागत्य पाकिस्तान-अफगानिस्तानयोः सम्बन्धाः निरन्तरं क्षीणाः अभवन्। यद्यपि गत-अक्टोबर-मासे अपि द्वयोः मध्ये टकरावः अभवत् तथापि सम्प्रति स्थितिः दूरतरं अनिश्चिता अस्ति पाकिस्तानदेशः अफगानिस्तानस्य सार्वभौमत्वस्य उल्लङ्घनं बहुवारं कुर्वन् अस्ति, एतत् कदमः तीव्रं मानवीयसंकटं त्वरितवान् अस्ति। पाकिस्तानस्य कार्याणि मूलतः स्वस्य असफलतायाः दोषं स्वपरिजनस्य उपरि स्थापयितुं नीतेः भागः सन्ति। द्विगुणित मानक। अन्तर्राष्ट्रीयमान्यतानां उल्लङ्घनस्य कारणेन भारतेन संयुक्तराष्ट्रसङ्घस्य सुरक्षापरिषदे पाकिस्तानस्य भर्त्सनं कृतम्। संयुक्तराष्ट्रसङ्घः अन्ये च उत्तरदायी सदस्यराष्ट्राः अपि अस्मिन् विषये हस्तक्षेपं कुर्वन्तु।

अल्पसंख्यक छात्रवृत्तिघोटाले प्रमुखा सफलता :

# जालीदस्तावेजानां उपयोगेन धन गबनस्य कारणेन द्वौ आरोपौ गृहीतौ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ अजमेर



अल्पसंख्यकछात्राणां कृते केन्द्रसर्वकारस्य छात्रवृत्तियोजनाभिः सह कथितस्य बृहद्रूपेण धोखाधड़ीयाः उजागरीकरणानन्तरं राजस्थानपुलिसः पश्चिमबङ्गात् आरोपितद्वयं व्यक्तिं गृहीत्वा महत्त्वपूर्णं कार्यवाहीम् अकरोत्। अन्वेषणेन ज्ञातं यत् अभियुक्तैः जालीदस्तावेजानां, नकली-डिजिटल-परिचयानां, ऑनलाइन-प्रणाल्यां लूपहोल्-इत्यस्य च शोषणं कृत्वा छात्रवृत्ति-निधिं सिफन्-करणाय संगठितं जालं स्थापितं अस्य प्रकाशनस्य अनन्तरं अधुना अन्वेषणसंस्थाः अस्य गिरोहस्य राष्ट्रव्यापीजालस्य वित्तीयव्यवहारस्य च अन्वेषणं कुर्वन्ति।

पुलिस अधीक्षकस्य हर्षवर्धन अग्रवाला इत्यस्य मते अजमेरस्य अल्पसंख्यककल्याणाधिकारिणा दाखिलशिकायतया अस्य प्रकरणस्य उत्पत्तिः अभवत्। शिकायतया आरोपः कृतः यत अल्पसंख्यकछात्राणां कृते अभिप्रेतस्य छात्रवृत्तिनिधिः २०२१-२२ तथा २०२२-२३ कालखण्डेषु राष्ट्रियछात्रवृत्तिपोर्टले धोखाधड़ीपूर्णसूचनाः प्रविष्टा गबनं कृतम्। शिकायतया अनन्तरं विशेषानुसन्धानदलेन निर्मितेन तकनीकीसाक्ष्यस्य, साइबर-अनुसरणस्य, डिजिटल-विश्लेषणस्य च उपयोगेन संदिग्धानां पश्चिमबङ्गस्य उत्तरदीनाजपुर-मण्डलं यावत् अन्वेषणं कृतम्।

अन्वेषणकाले पुलिसैः ३५ वर्षीयं तवाबर रहमानं २५ वर्षीयं सहजमानं च गृहीतम्। उभौ अपि प्रश्नार्थं राजस्थानम् आनीतवन्तौ। प्रारम्भिकपरीक्षासु ज्ञातं यत् अभियुक्ताः व्यक्तिगतसूचनाः ऑनलाइन एकत्रितवन्तः, नकली मोबाईलसिमकाड्, आधारविवरणं, जालीदस्तावेजानां च उपयोगेन नकली छात्रवृत्ति-अनुप्रयोगं निर्मितवन्तः। तदनन्तरं छात्रवृत्तिनिधिः विभिन्नेषु बैंकखातेषु स्थानान्तरितः।

अभियुक्तानां कृते पुलिसैः ८५ मोबाईलसिमकाड्, द्वौ लैपटॉपौ, द्वौ मुद्रकौ, सप्त फिंगरप्रिण्ट् स्कैन्, बहुविध एटीएमकाड्, त्रीणि मोबाईलफोनानि, अन्ये डिजिटलसाधनाः च बरामदः। जप्तयन्त्राणां परीक्षणेन शङ्कितानां डिजिटलदत्तांशस्य विशालः परिमाणः ज्ञातः। अधिकारिणां मते, आँकडासु प्रायः २१०० बैंकखातानां विवरणं, प्रायः १,००० अङ्गुलिचिह्नस्य अभिलेखाः, २००० आधारपत्राणां प्रतिकृतयः, प्रायः १५०० आधिकारिकमुद्राणां/मुद्राणां डिजिटलप्रतिमाः च सन्ति विशेषानुसन्धानदलस्य (एसआईटी) प्रभारी अधिकारी शिवम जोशी इत्यनेन उक्तं यत् प्रारम्भिकजाँचपत्रे अजमेरमण्डलसहितविविधक्षेत्रेषु छात्रवृत्तियोजनायां बृहत्परिमाणेन अनियमितानां लक्षणं ज्ञातम्। यद्यपि अस्मिन् प्रारम्भिकपदे 5 लक्षाधिकधनस्य धोखाधड़ीपूर्णनिष्कासनस्य पुष्टिः कृता अस्ति तथापि वास्तविकं आकङ्कणं महत्त्वपूर्णतया अधिकम् इति शङ्का वर्तते। पुलिसस्य मतं यत् अभियुक्ताः कोविड्-१९ महामारी-काले-यदा अधिकांशप्रक्रियाः ऑनलाइन-रूपेण क्रियन्ते स्म, भौतिक-सत्यापनं च सीमितं भवति स्म-तदा नकली-परिचय-जाल-जालस्य निमार्णार्थं, जाली-दस्तावेजानां च आधारेण जालस्य निमार्णं कृतवन्तः अन्वेषणसंस्थानां शङ्का अस्ति यत् एतत केवलं द्वयोः व्यक्तियोः कार्यं न अपितु संगठितसमूहस्य सुनियोजितं कार्यम् आसीत्।

आपत्कालविरुद्धसङ्घर्षस्य

# साक्षीभूतस्य परिवारस्य अस्ति; अतः एतेषां योद्धानां कष्टानि

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भविष्यन्ति, आवश्यकतानुसारं वायु-एम्बुलेन्स-सेवानां व्यवस्था अपि भविष्यति । ये लोकतन्त्रसेनानी अद्यापि 'ताम्रपत्रम्' (सम्मानप्रशस्तिपत्रं) न प्राप्तवन्तः तेभ्यः अपि शीघ्रमेव एकं प्रदत्तं भविष्यति। कार्यक्रमे वदन् लोकतन्त्रसेनानीसंघस्य राज्याध्यक्षः तपनभौमिकः अवदत् यत् विगतदशके राज्ये लोकतन्त्रसेनानीनां सम्मानस्य परम्परा निरन्तरं पालिता अस्ति। सः टिप्पणीं कृतवान् यत् मुख्यमन्त्री डॉ. मोहनयादवः स्वयमेव आपत्कालविरुद्धसङ्घर्षस्य साक्षीभूतस्य परिवारस्य अस्ति; अतः एतेषां योद्धानां कष्टानि, तेषां सम्मानस्य महत्त्वं च सः गभीरं अवगच्छति।

लोकतन्त्रसेनानीसंघस्य राष्ट्रियाध्यक्षः पूर्वसांसदः कैलाशसोनी इत्यनेन भारतीयप्रजातन्त्रस्य इतिहासे आपत्कालः कठिनः चरणः इति उक्तम्। सः देशे सर्वत्र लोकतन्त्रसेनानीभ्यः स्वातन्त्र्यसेनानीनां समानं पदं प्राप्नुवन्तु, तेषां प्राप्तं ?३०,००० इत्येव मानदं आयकरात् मुक्तं भवतु इति आग्रहं कृतवान्। सम्मेलनं सम्बोधयन् पूर्वराज्यपालः कप्तानसिंह सोलन्की इत्यनेन अपि उल्लेखः कृतः यत् मध्यप्रदेशसर्वकारः लोकतन्त्रसेनानीभ्यः सम्माननीयं आर्थिकसहायतां प्रदाति, समाजे तेषां योगदानं प्रकाशयितुं निरन्तरप्रयत्नाः च कुर्वन् अस्ति। समापनभाषणे मुख्यमन्त्री उक्तवान् यत् लोकतन्त्रयोद्धानां सुझावानां सर्वकारीययोजनासु यथायोग्यं महत्त्वं दीयते। लोकतन्त्रस्य रक्षणार्थं संघर्षं कुर्वतां सम्माननं केवलं औपचारिकता न अपितु भविष्यत्पुस्तकानां प्रेरणास्रोतः इति सः बोधयति स्म। लोकतन्त्रसेनानानां कृते सवेषु स्तरेषु सम्मानः आवश्यकाः सुविधाः च निरन्तरं प्राप्यन्ते इति सर्वकारः सुनिश्चितं करिष्यति।

## राशिफल

**मेष** : एक मजबूत प्रेम जीवन और उत्पादक कार्यालय जीवन बनाए रखें। अपने क्रश के साथ टाइम स्पेंड करने का मौका मिलेगा।

**वृषभ** : प्रेम संबंधों में मुस्कुराहट के साथ खुश रहें। प्रोफेशनल सफलता आपकी फाइनेंशियल सिचूऐशन में दिखाई देगी।

**मिथुन** : लेन-देन करते समय सावधान रहें। अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें। आज आपकी लव लाइफ बेहतरीन रहेगी।

**कर्क** : अपनी डाइट को हेल्दी रखें। अपना बेस्ट परिणाम देने के लिए पेशेवर चुनौतियों को सावधानी के साथ संभालें।

**सिंह** : व्यावसायिक चुनौतियों से पार पाने के लिए कोशिश करें। आर्थिक सफलता मिलेगी और स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा।

**कन्या** : अच्छे आधिकारिक रिश्ते का आनंद भी लें। छोटे वित्तीय मुद्दे स्मार्ट तौर पर किए गए खर्च की मांग करते हैं।

**तुला** : अपने काम के प्रति अपनी कमीटमेंट बनाए रखें, जो आपको पॉजिटिव परिणाम प्राप्त करने में मदद करेगी।

**वृश्चिक** : करियर में कुछ नई जिम्मेदारियां मिलेगी, जो आपके प्रमोशन का कारण भी बन सकती हैं।

**धनु** : रिश्ते में सरप्राइज पाने की उम्मीद करें। व्यवसायिक तौर पर आप अच्छे रहेंगे। जंक फूड्स के सेवन से बचें।

**मकर** : प्रेम संबंधी किसी भी बड़े मुद्दे को कंट्रोल से बाहर नहीं जाने देना चाहिए। खर्च बढ़ सकता है।

**कुंभ** : बेहतर उत्पादकता सुनिश्चित करने के लिए पेशेवर मुद्दों का ध्यान रखें। स्वास्थ्य भी आपके पक्ष में है।

**मीन** : आज आप दिन भर पॉजिटिव फील करेंगे। सिंगल जातकों के लिए दिन खास माना जा रहा है।

## ज्योतिष/वास्तु

# दशांक योग के शुभ संयोग से शुरू होगा जुलाई का महीना, कर्क समेत 5 राशियों की चमकेगी किस्मत

1 जुलाई 2026 को बनेगा दशांक योग, सूर्य-अरुण की खास स्थिति से कर्क, तुला, वृश्चिक, धनु और कुंभ राशि को मिलेगा लाभ।

जुलाई 2026 की शुरूआत ज्योतिष की दृष्टि से बेहद खास मानी जा रही है। शास्त्रों के अनुसार 1 जुलाई 2026 की शाम करीब 6 बजकर 51 मिनट से सूर्य और अरुण ग्रह एक-दूसरे से 36 डिग्री की स्थिति में आ जाएंगे, जिससे दशांक योग का निर्माण होगा। मान्यता है कि यह एक बहुत ही लाभकारी योग होता है, जिसके प्रभाव से जीवन में खुशियां आती हैं और सेहत के साथ-साथ आर्थिक स्थिति में भी सुधार देखने को मिलता है। इस बार दशांक योग का शुभ असर खासतौर पर कर्क, तुला, वृश्चिक, धनु और कुंभ राशि के लोगों पर पड़ने की संभावना जताई जा रही है। आइए जानते हैं इन राशियों के लिए जुलाई का महीना कैसा रहने वाला है।

**कर्क राशि-** कर्क राशि वालों के लिए दशांक योग का यह समय परिवार और घर से जुड़ी खुशियां लेकर आ सकता है। घर में मौजूद बड़ी उम्र के सदस्य इस दौरान बीमारियों की चपेट में आने से कुछ समय के लिए बचे रह सकते हैं, जिससे पूरे परिवार की चिंता कम होगी और मन को शांति मिलेगी। इसके साथ ही बच्चों के साथ बिताया गया समय भी खास और यादगार बन सकता है, चाहे वह कोई पारिवारिक



यात्रा हो या घर में कोई छोटा-सा उत्सव। आर्थिक मोर्चे पर भी राहत के संकेत हैं, क्योंकि पैसों की तंगी इस दौरान आपकी खुशियों के बीच रुकावट नहीं बनेगी।

**तुला राशि-** तुला राशि के लोगों के लिए यह दौर कई मायनों में सुखद साबित हो सकता है। जो लोग अभी अविवाहित हैं और किसी रिश्ते में हैं, उनके लिए यह समय उस रिश्ते को आगे ले जाने और कमिटमेंट की ओर बढ़ने का हो सकता है। घर का वातावरण भी पहले की तुलना में ज्यादा खुशनुमा और तनावमुक्त रहने की उम्मीद है। परिवार के सभी सदस्यों के बीच आपसी समझ बेहतर होगी। घर के बड़े-बुजुर्गों की सेहत को लेकर भी अच्छी खबर है, वे इस दौरान स्वस्थ और संतुष्ट महसूस करेंगे। इसके अलावा जो लोग नौकरी या किसी पेशे में सक्रिय हैं, उनके लिए करियर में तेजी से तरक्की के योग बन रहे हैं।

**वृश्चिक राशि-** वृश्चिक राशि वालों के लिए यह समय आर्थिक समझदारी दिखाने का है। अगर आप फिजूलखर्ची पर नियंत्रण रखते हैं, तो आगे चलकर एक अच्छी बचत जमा करने में सफल हो सकते हैं। परिवार में यदि किसी बात को लेकर पुराना मतभेद या लड़ाई-झगड़ा चल रहा था, उसे सुलझाने और रिश्तों में फिर से मधुरता लाने का अच्छा मौका मिल सकता है। इसके अलावा जिन लोगों की शादी अभी तय नहीं हुई है, उनके लिए किसी करीबी रिश्तेदार के परिवार से अच्छा प्रस्ताव आने की संभावना है।

**धनु राशि-** धनु राशि के लोगों के लिए यह समय लंबे समय से अटके हुए कामों को पूरा करने का अवसर लेकर आ सकता है। अगर कोई महत्वपूर्ण काम पहले बार-बार टलता रहा था, तो उसमें सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। इससे आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति को लेकर भी ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं होगी, क्योंकि पैसों की कमी इस दौरान आपको परेशान नहीं करेगी। रिश्तों के मामले में भी एक ताजगी और नयापन देखने को मिल सकता है।

**कुंभ राशि-** कुंभ राशि के जो लोग पढ़ाई या काम के सिलसिले में अपने घर से दूर किसी दूसरे शहर में रह रहे हैं, उनके लिए यह समय खास हो सकता है। उन्हें वहां कोई अपना हमसफर या करीबी साथी मिलने की संभावना है। व्यापार से जुड़े लोगों के लिए भी यह दौर फायदेमंद रहेगा। सही समय पर लिए गए फैसले किसी बड़े आर्थिक नुकसान से बचाएंगे। करियर के मोर्चे पर भी तेजी से तरक्की के संकेत हैं।

स्वीडन को 3-0 से हराया, नॉर्वे पहली बार प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

# फुटबॉल वर्ल्डकप में एमबाप्पे के डबल गोल से जीता फ्रांस

ब्रह्मास्त्र ▸▸ साउथम्पटन

पिछली बार की फाइनलिस्ट फ्रांस ने फुटबॉल वर्ल्डकप के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। उसने बुधवार के पहले मैच में स्वीडन को 3-0 से हराया। इससे पहले मंगलवार के आखिरी मैच में नॉर्वे ने एरलिंग हालैंड के 86वें मिनट के गोल की बदौलत आइवरी कोस्ट को 2-1 से मात दी। नॉर्वे ने पहली बार प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। मैक्सिको-इक्वाडोर मैच खराब मौसम के कारण डिले हुआ है। जो 7:30 बजे से खेला जाएगा।

न्यूयॉर्क के न्यू जर्सी स्टेडियम में फ्रांस के लिए किलियन एमबाप्पे ने दो गोल किए, जबकि ब्रैडली बारकोला ने एक गोल दागा। इधर, डलास स्टेडियम में नॉर्वे के लिए एंटोनियो नुसा और एरलिंग हालैंड ने गोल किए। आइवरी कोस्ट की ओर से अमाद डियालो ने एकमात्र गोल किया। अब फ्रांस का सामना पैराग्वे से 5 जुलाई को होगा। जबकि, 6 जुलाई को नॉर्वे का मुकाबला पांच बार की चैंपियन ब्राजील से होगा।



**फ्रांस के कोच मां के अंतिम संस्कार के बाद टीम से जुड़े-** फ्रांस के कोच दिदिए देशां अपनी मां के अंतिम संस्कार के बाद टीम से जुड़े। मैच के अंत में जब एमबाप्पे को बदला गया तो देशां ने झुककर उनका अभिवादन किया। फ्रांस अब तक टूनार्मेंट में 13 गोल कर चुका है और सिर्फ दो गोल खाए हैं। माइकल ओलिसे पांच गोल में असिस्ट दे चुके हैं।

**हालैंड ने इस वर्ल्ड कप में 5वां गोल दागा-** नॉर्वे ने वर्ल्ड कप इतिहास में पहली बार नॉकआउट मुकाबला जीता। एरलिंग हालैंड ने निर्णायक गोल 86वें मिनट में किया। पैट्रिक बर्ग ने पेनाल्टी एरिया में तीन डिफेंडरों को अपनी ओर खींचने के बाद हालैंड को पास दिया और उन्होंने इस टूनार्मेंट में 5वां गोल दाग दिया। नॉर्वे के लिए पहला गोल 39वें मिनट में एंटोनियो नुसा ने किया। उन्होंने पेनाल्टी एरिया के बाएं हिस्से से शानदार कर्लिंग शॉट लगाकर गेंद जाल में पहुंचाई। यह उनका पहला वर्ल्ड कप गोल और नॉर्वे के लिए 28 मैचों में 9वां इंटरनेशनल गोल था। आइवरी कोस्ट ने 74वें मिनट में बराबरी की। निकोलस पेपे के साथ वन-टू खेलने के बाद अमाद डियालो ने बाएं पैर से शानदार शॉट लगाकर स्कोर 1-1 कर दिया। इससे पहले डियालो ने दूसरे हाफ में टॉरब्योर्न हेगेन के शॉट को भी डिफ्लेक्ट कर अपनी टीम को बचाया था।

### टॉप गोल स्कोरर में मेसी की बराबरी पर आए एमबाप्पे

- एमबाप्पे ने 45वें और 74वें मिनट में गोल किए। उन्होंने इस वर्ल्ड कप में तीसरी बार डबल गोल किए हैं। टूनार्मेंट में उनके छह गोल हो गए हैं। उन्होंने इस एडिशन के टॉप गोल स्कोरर की लिस्ट में अर्जेंटीना के लियोनेल मेसी की बराबरी कर ली है।
- एमबाप्पे के वर्ल्ड कप करियर में अब 18 गोल हो गए हैं। वे मेसी के वर्ल्ड रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे हैं। वर्ल्ड कप के नॉकआउट मुकाबलों में उनके 10 गोल हो गए हैं। उन्होंने ब्राजील के दिग्गज लियोनिडास और रोनाल्डो के आठ-आठ गोल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया।

### ओलिसे ने 2 गोल असिस्ट किए

- फ्रांस ने पूरे मैच में दबदबा बनाए रखा। टीम ने स्वीडन पर 25-7 से शॉट लगाए, जिनमें पहले हाफ में 15-3 की बढ़त रही। पहले एमबाप्पे और फिर माइकल ओलिसे की साइकिल किक पोस्ट से टकराई। इसके बाद एमबाप्पे ने ओलिसे के प्रयास पर मिले मौके को गोल में बदला।
- 53वें मिनट में गुस्ताफ लागरबिएल्के से गेंद छिनने के बाद ऑरेलियन चुआमेनी ने ओलिसे को पास दिया। ओलिसे ने शानदार मूव बनाते हुए बारकोला को गेंद दी और उन्होंने गोल कर बढ़त 2-0 कर दी। तीसरा गोल भी ओलिसे और बारकोला की मदद से एमबाप्पे ने किया।

# ऑस्ट्रेलिया 8वीं बार फाइनल में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ लंदन

ऑस्ट्रेलिया ने विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज को 8 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया आठवीं बार विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में पहुंच गई है।

लंदन के द ओवल स्टेडियम में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 125 रन बनाए। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने 13 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। फाइनल में ऑस्ट्रेलिया का सामना दूसरे सेमीफाइनल की विजेता से होगा। दूसरा सेमीफाइनल साउथ अफ्रीका और मेजबान इंग्लैंड के बीच 2 जुलाई को इसी मैदान पर खेला जाएगा। फाइनल लॉर्ड्स में 5 जुलाई को होगा। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। वेस्टइंडीज के दोनों ओपनर्स हेली मैथ्यूज और कियाना जोसेफ ने धीमी शुरूआत की। पावरप्ले में विकेट ना गंवाने के बावजूद टीम सिर्फ 35 रन ही बना सकी। 9वें ओवर में 47 रन के टीम स्कोर पर हेली के रुप में पहला झटका लगा। वे 28 गेंद पर 30 रन बनाकर जॉर्जिया वारेहम की गेंद पर बोल्ड हुई।

भारत-इंग्लैंड पहला टी-20 आज

# वैभव सूर्यवंशी के डेब्यू पर सस्पेंस बरकरार




ब्रह्मास्त्र ▸▸ चेस्टर ली

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टी-20 सीरीज का पहला मुकाबला आज चेस्टर ली स्ट्रीट में खेला जाएगा। मैच भारतीय समयानुसार रात 10 बजे शुरू होगा, जबकि टॉस 9:30 बजे होगा। मुकाबले पर बारिश का साया भी है। यहां करीब 80% बारिश की संभावना जताई गई है। आयरलैंड के खिलाफ 2-0 से सीरीज गंवाने के बाद श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली भारतीय टीम जीत के साथ नए अभियान की शुरूआत करना चाहेगी। सीरीज से पहले सबसे ज्यादा चर्चा 15 साल के युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी के इंटरनेशनल डेब्यू को लेकर हो रही है। मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने उनके डेब्यू के सवाल पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। टीम संयोजन पूरी तरह निजी मामला है और हम अपनी रणनीति विरोधी टीम के सामने नहीं रख सकते।

## खबर एक नजर...

### मैनेजर-संचालक की लापरवाही से हुई थी कर्मचारी की मौत

**उज्जैन।** 60 दिन पहले तीन बत्ती चौराहा के पास होटल द समसारा में करंट लगने से कर्मचारी गोपाल मीणा निवासी गावडापारा उदयपुर राजस्थान की मौत हो गई थी। वहीं आशीष राणा, करण मीणा को भी करंट लगा था। नीलगंगा थाना पुलिस ने मामले मे मर्ग कायम कर जांच शुरू की थी। 60 दिनों की जांच में सामने आया कि 29-30 अप्रैल की रात 1.53 बजे होटल के किचन में पानी के पाइप से सफाई कराई जा रही थी। फर्श पूरी तरह से गीला था, फ्रिज, फ्रीजर, माइक्रोवेव, पिज्जा ओवन और अन्य विद्युत उपकरण चालू थे। जिसके चलते किचन में करंट फैला था और गोपाल मीणा की मौत हो गई थी। पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरे भी देख। इस दौरान पता चला कि किचन मैनेजर/शेफ आनंद की देखरेख में सफाई कराई जा रही थी। उसके द्वारा विद्युत सप्लाय को बंद नहीं किया गया था। होटल संचालक राहुल लालवानी द्वारा कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण उपलब्ध नहीं कराये गये थे। मैनेजर और संचालक दोनों की लापरवाही से कर्मचारी की मौत हुई थी और 2 घायल हुये थे। थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि मामले में दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106(1) का अपराध दर्ज किया गया है।

### शासकीय विद्यालय के छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**उज्जैन।** पुलिस विभाग द्वारा 24 जून से 8 जुलाई तक साइबर जागरूकता अभियान सेफ क्लिक 2.0 चलाया जा रहा है। अभियान में मंगलवार को महाकाल और चिंतामण थाना पुलिस द्वारा अपने क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय, माधवगंज के साथ जवासिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों को लेकर जागरूक किया। चिंतामण थाना क्षेत्र के विद्यालय परिसर से जागरूकता रैली भी निकाली गई। जिसके माध्यम से साइबर सुरक्षा के प्रति सजग रहने और समाज को जागरूक रहने का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों को बताया गया कि फर्जी कॉल, मैसेज, फिशिंग लिंक, सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन गेमिंग, डिजिटल अरेस्ट, बैंकिंग धोखाधड़ी, ओटीपी किसी के साथ साझा ना करे। साइबर फ्रॉड होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराये। जागरूकता और सर्तकता ही साइबर धोखाधड़ी से बचाव का सबसे बड़ा हथियार है। पूरे जिले में पुलिस लगातार विद्यालयों, महाविद्यालयों, सार्वजिक स्थानों पर साइबर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जानकारी दे रही है।

### छत से गिरे युवक की चार दिन बाद मौत

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के ग्राम कमलानेहरू नगर में रहने वाला मोहित पिता राजू मरमट 22 साल शुक्रवार शाम को छत से गिर गया था। उसे गंभीर हालत में चरक अस्पताल लाया गया था। जहां से निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां चार दिन चले उपचार के बाद मंगलवार को मौत हो गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया और मृतक का शव चरक अस्पताल लाकर पोस्टमार्टम कराया। बताया जा रहा था कि मोहित के माता-पिता का निधन हो चुका है, वह दादी के साथ रहता था, एक माह पहले मौसी की मौत हुई थी। मोहित नशा करने लगा था। घटनाक्रम के समय वह छत की सफाई करने चढ़ा था। नीलगंगा थाना पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया है। बयान और जांच के बाद घटना की वजह सामने आ पायेगी।

### दुर्घटना में जीजा की मौत, साला हुआ घायल

**उज्जैन।** बड़नगर मार्ग पर मंगलवार दोपहर बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में एक की मौत हो गई, दूसरा गंभीर घायल हुआ है। मृतक और घायल जीजा-साला होना सामने आये है। चिंतामण गणेश थाना प्रधान आरक्षक जयप्रकाश पांडे ने बताया कि उज्जैन-बड़नगर मार्ग पर दोपहर में दुर्घटना होने की खबर मिली थी। पुलिस घटनास्थल चंदूखेड़ी सोयाबीन प्लांट के सामने पहुंची तो पता चला कि बाइक सवार 2 लोगों को अस्पताल भेजा गया है। अस्पताल पहुंचने पर सामने आया कि एक की मौत चुकी है। दूसरा गंभीर घायल है, जिससे जानकारी लेने पर उसका नाम जीवन पिता गंगाराम 35 साल निवासी ग्राम नलवा बताया गया। वहीं मृतक बनेसिंह पिता गणपत चौधरी 45 साल निवासी देवगढ़ बड़नगर पता चला। परिजन खबर मिलने पर चरक अस्पताल पहुंच गये थे। उन्होने बताया कि जीवन साला और बनेसिंह जीजा है। दोनों बाइक से उज्जैन आये थे और वापस नलवा आ रहे थे। प्रधान आरक्षक पांडे के अनुसार घटनास्थल पर स्पष्ट नहीं हो पाया कि दुर्घटना कैसे हुई है और किस वाहन ने टक्कर मारी है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जायेगें। फिलहाल मामले में मर्ग कायम किया गया है। मृतक का बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जायेगा।

### निगम टीम और मवेशी पालको का झगड़ा

**उज्जैन।** दूधतलाई में मंगलवार को नगर निगम टीम और मवेशी पालकों के बीच झगड़ा हो गया। मवेशी पालकों ने निगम टीम से मारपीट की। निगम टीम ने भी बचाव में लात-घूंसे चलाये। पुलिस ने क्रास प्रकरण दर्ज किया है। देवासगेट थाना पुलिस ने बताया कि नगर निगम की टीम मवेशी पकड़ने दूधतलाई आई थी। उसी दौरान मवेशी पालक रोहित, गोविंद और अतुल ने मवेशी पकड़ने का विरोध किया और मारपीट शुरू कर दी। निगमकर्मी सनी पिता जितेन्द्र गौसर निवासी दमदमा को चोंट आई। उसे बचने के लिये टीम के अन्य साथियों ने भी बीच-बचाव में लात-घूंसे चला दिये। मामला थाने पहुंचने पर सनी की शिकायत पर मामले में शासकीय कार्य में बाधा का प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं रोहित पिता नाना यादव निवासी नलियाबाखल ने सनी, सोनू, गगन और अभिषेक के खिलाफ मारपीट करने का प्रकरण दर्ज कराया।

| | | |
|---|---|---|
| दिन | 226-0 | 880-6 |
| मेन बाजार | 337-3 | 178-6 |
| मिलन डे | 557-7 | 669-1 |
| मिलन नाइट | 135-9 | 225-2 |

3 6 8

वन विभाग ने जांच के दौरान आरोपी के मोबाइल से शिकार के वीडियो भी बरामद किए

# सियार मारकर खाने वाला आरोपी पकड़ाया, पिता फरार

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



जंगली जीव सियार का शिकार कर उसे खाने वाले युवक को वन विभाग ने गिरफ्तार किया है। उसका पिता फरार हो गया है। वन विभाग ने जांच के दौरान आरोपी के मोबाईल से शिकार के विडियो भी बरामद किए है। युवक ने शिकार के उपरांत सियार का मांस खाने की स्वीकारोक्ति की है।

वन विभाग के एसडीओ विक्रमसिंह सोलंकी के अनुसार सोमवार को जीवाजीगंज थाना पुलिस ने मिथुन पिता राजू 21 वर्ष निवासी तिलकेश्वर कालोनी को सर्चिंग के दौरान पकडा था। उसके मोबाईल की जांच किए जाने पर उसमें सियार के शिकार के विडियो मिलने पर वन विभाग को सूचित किया गया था। पुलिस की सूचना पर वन विभाग के दल ने थाना जाकर युवक से जानकारी ली थी जिसमें सामने आया कि वह लंबे समय से सियार का शिकार कर उसका मांस खा रहा है। वन विभाग ने आरोपी के विरूद्ध वन्य जीव संरक्षण अधिनियम1972 की धारा 9,39,50,51 में प्रकरण दर्ज कर उसे हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की गई। उसने अपने सहयोगी के रूप में उसके पिता राजू के साथ शिकार करता है। मोबाईल में मौजूद विडियो 23 मई का सामने आया जिसमें वह ग्राम चंदावल थाना चिंतामन के जंगल में जमीन की खोह से सियार को टांग पकड कर खिंचता हुआ और जमीन पर पटक कर मारता दिखाई दे रहा है। बकौल एसडीओ सोलंकी आरोपी ने पूछताछ में बताया है कि उसने तीनों सियार को मारकर उनका मांस खाया है। दुसरे आरोपी राजू के पकड में आने के बाद स्पष्ट होगा कि मांस खाने के लिए ही उन्होंने शिकार किया था कि तंत्र-मंत्र में उपयोग के लिए सियार सिंगी के लिए यह शिकार किया गया था। आरोपी मिथून को मंगलवार को प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी के समक्ष पेश करने पर उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## उत्तरप्रदेश के बदमाश ने चुराया था 1.30 लाख रु. का मोबाइल

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



मालवा एक्सप्रेस ट्रेन में चार्जिंग पर लगा 1.30 लाख कीमत का मोबाइल चोरी करने वाला बदमाश उत्तरप्रदेश का होना सामने आया है। जीआरपी ने उसे तकनीकी साक्ष्य के आधार पर हिरासत में लिया तो उसके पास से चोरी के चार अन्य मोबाइल भी बरामद हो गये।

जीआरपी थाना प्रभारी अमित कुमार भावसार ने बताया कि 28 जून को मालवा एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे पृथ्वी सोनार निवासी नंदुरबार (महाराष्ट्र) ने ट्रेन के उज्जैन पहुंचने पर शिकायत दर्ज कराई कि ट्रेन के एसी कोच में यात्रा कर रहा था, उसने अपना मोबाइल चार्जिंग पर लगाया था। विक्रमनगर स्टेशन के आसपास सैमसंग गैलेक्सी एस-25 अल्ट्रा मोबाइल फोन जिसकी कीमत लगभग 1.30 लाख रुपये है, अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। शिकायत पर मामले में जांच शुरू की गई और तकनीकी साक्ष्य के आधार पर लोकेशन ट्रेस करने का काम शुरू किया गया। वहीं देवास, इंदौर और उज्जैन स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखना शुरू किये। तकनीकी मदद से मोबाइल चोरी करने वाले धर्मेंद्र पिता श्याम बिहारी 19 साल निवासी सुभाष नगर ग्राम गोहाण्ड थाना जरिया जिला हमीरपुर उत्तरप्रदेश को एक दिन की तलाश के बाद हिरासत में ले लिया गया। जिसके पास से पृथ्वी सोनार का मोबाइल बरामद किया गया। वहीं चार अन्य मोबाइल भी जप्त किये गये, जो चोरी के होना सामने आये है। चारों मोबाइल के मालिकों का पता लगाया जा रहा है। उत्तरप्रदेश का बदमाश अंतर्राज्यीय स्तर ट्रेनों में वारदात करता था। जिसे न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

## पुलिसकर्मियों के बच्चों ने सीखा मानसिक-बौद्धिक क्षमता बढ़ाना

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**




पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना और विशेष महानिदेशक प्रशिक्षण रवि गुप्ता के मार्गदर्शन में 10 दिवसीय ब्राइटर माइंड्स कोर्स शिविर को आयोजन किया गया था। जिसमें पुलिस परिवार के 5 से 15 वर्षीय 11 बच्चों ने भाग लिया।

आरक्षक बहादूर देवड़ा द्वारा बच्चों को सर्किल टाइम, की टू सक्सेस, ब्रेन एक्सरसाइज, सुपर मेमोरी, इल्यूजन, आई एक्सरसाइज, ब्रीदिंग एक्सरसाइज, हार्टफुलनेस रिलेक्सेशन, ब्लाइंड फोल्ड एक्सरसाइज में बॉल, बकेट, ग्लास का कलर पहचाना, कार्ड पर छपे अंक को पहचानना, अल्फा वर्ड बुक में छपी आकृति को पहचानना और डायरी लेखन सिखाया गया। ब्राइटर माइंड्स कोर्स से बच्चों को अनुशासन, मोबाइल से दूर रहना, भोजन में क्या और क्या नहीं खाना, सुबह उठना स्वास्थ्य के लिए क्यों जरूरी है के बारे में बताया गया। कोर्स का उद्देश्य बच्चों के मानसिक और बौद्धिक क्षमता को बढ़ाना था। जिससे बच्चों में एकाग्रता आती है। 10 दिनों तक चले शिविर के समापन अवसर पर पीटीएस अधीक्षक मनीषा पाठक सोनी द्वारा समापन उद्बोधन में ब्राइटर माइंड्स की विभिन्न विधियों को बच्चों के दैनिक जीवन में शामिल करना और दिशा लर्निंग सेंटर में रोजाना अभ्यास करने की बात कहीं। उपपुलिस अधीक्षक शैलजा भदौरिया द्वारा बच्चों को शारीरिक-मानसिक रूप से स्वस्थ्य रहने के तरीके बताए। शिविर में शामिल बच्चों को पुलिस अधीक्षक द्वारा उपचार के साथ प्रमाण पत्र सौंपे। कार्यक्रम में उपपुलिस अधीक्षक एनके मालवीय, निरीक्षक नीतिन अमलवाद मौजूद रहे।

## भाविप सांदीपनि शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



भारत विकास परिषद सांदीपनि शाखा के नवीन सत्र 26-27 का दायित्व ग्रहण समारोह, शर्मा परिसर उज्जैन में संपन्न हुआ। मीडिया प्रभारी शिवकुमार विजयवर्गीय ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं वंदे मातरम गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मध्यप्रदेश हाउसिंग बोर्ड के अध्यक्ष ओम जैन, विशेष अतिथि, उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष रवि सोलंकी, रीजनल संरक्षक संजय अग्रवाल, रीजनल संगठन सचिव सुनील लवंगिकर थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता, प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल ने की, प्रांतीय महासचिव एवं शपथ अधिकारी विनोद काला ने सांदीपनि शाखा के नवीन सत्र के अध्यक्ष अनिल वैष्णव, सचिव प्रकाश गर्ग एवं कोषाध्यक्ष नरेंद्रसिंह भदोरिया को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई, संरक्षक ईश्वर पटेल जी के 75 वर्ष पूर्ण होने पर, संरक्षक ओमप्रकाश गुप्ता, डॉ. ईश्वरसिंह सिसोदिया, एस के जेथलिया, अजीत मंगलम, प्रमोद जैन, संजय शाह, पराग काबरा, भूषण खुल्लर एवं डॉ. राजेश पंड्या ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके दीर्घायु होने की कामना की, पूर्व कोषाध्यक्ष अदिति साबू ने, पिछले सत्र का आय-व्यय विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सरोज यादव एवं पूजा चित्तौड़ा ने किया। कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर बीपी साल्विया, शिव अग्रवाल, खेमजी चंदन, पंकज चांदोरकर, डॉ. पिंकेश डफरिया, परामर्शदाता पद पर वरुण गुप्ता, बी एल मक्कड़, संगठन सचिव देवनारायण शर्मा, महिला सहभागिता प्रमुख नीता जैन, सहसचिव, आनंदीलाल ठक्कर, सहकोषाध्यक्ष सचिन शाह, सेवा प्रकल्प के पद पर विक्रम चित्तौड़ा, गोपाल माहेश्वरी, अंकित व्यास, सुभाष गुप्ता संपर्क प्रमुख शैलेन्द्र पंवार, कविता मंगलम, ललित चौहान, संस्कार प्रकल्प प्रमुख अनीता शाह, राहुलराज पाढी, विनोद उपाध्याय, योगेंद्र पोरवाल, जी. एल परमार, स्वास्थ्य प्रकल्प में, डॉ. रंजन त्रिवेदी, डॉ. सुभाष मजूमदार, डॉ. अविनाश बुंदीवाल, डॉ .सुमेका जैन, डॉ. शैलेंद्र बागड़ी, डॉ. गोविंद सिंह पर्यावरण प्रकल्प में, देवेंद्र पाठक, दिलीप गोयल, हेमंत गुप्ता, श्याम जायसवाल, अन्य पदों पर सुरेश पाटीदार, सी के चतरथ, विजय पटेल, अभिषेक पाटिल, दीपक सक्सेना, परिधि गुप्ता, कविता गुप्ता,ओमप्रकाश शर्मा, रविंद्र भारद्वाज, ऋषि गुप्ता, कैलाश राजपूत, रुक्मणी गुप्ता, वंदना तिवारी, बसंत नागर, संदीप पोरवाल, अशोक गुप्ता, अनिल त्रिवेदी, मनोहर गर्ग, राजेश शर्मा की नियुक्ति हुई।

इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में वारदात, 2 को न्यायालय किया पेश

## दिनदहाड़े पारदी गिरोह की युवतियों ने चुराई बेटरी

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**




इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में मंगलवार दिनदहाड़े गाड़ी की बेटरी चोरी का मामला कैमरे में कैद हुआ। जिसमें 3 युवतियों के साथ एक युवक दिखाई दिया। कैंपस में रहने वालों की मदद से पुलिस ने 2 को हिरासत में लिया। जिनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया।

नानाखेड़ा थाना प्रभारी नरेन्द्र कुमार यादव ने बताया कि इंजीनियरिंग कॉलेज कैंपस में दिनदहाड़े बैटरी चोरी करने आई युवतियों को पकड़ने की सूचना मिलने पर डायल 112 पहुंची थी। 2 युवतियों को थाने लाया गया। वहीं कैंपस में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे गये। जिसमें 3 युवतियां और एक नाबालिग दिखाई दिया। बेटरी चोरी के बाद वह लेकर भागने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन कैंपस में रहने वालों ने देख लिया। तीन युवतियां बेटरी कैंपस गेट पर छोड़ भाग निकली थी। जिनका पीछा कर पकड़ गया। थाना प्रभारी के अनुसार पकड़ी गई युवतियों में एक छाया पति सरीसनासिंह और काजल पिता राजेन्द्र 18 साल निवासी ईमली बाजार उज्जैन है। तीसरी नाबालिग थी। युवक भी नाबालिग था, जो पहले ही भाग निकला था। चारों पारदी समाज के होना सामने आये है। मामले में बेटरी मिलने पर किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई। जिसके चलते छाया और काजल के खिलाफ प्रतिबंधातमक धारा 170 बीएनएस का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया। घटनाक्रम को लेकर इंजीनियरिंग कॉलेज कर्मशाला निदेशक महेन्द्रसिंह भाटी ने बताया कि कैंपस में जायलो गाड़ी खड़ी थी। युवतियों ने कैंपस में 12 बजे लगभग प्रवेश किया। कुछ देर आसपास नजर रखी, कैंपस में लगे कैमरे देख मुंह छुपाने का प्रयास किया। महेन्द्रसिंह भाटी का कहना था कि पूर्व में बेटरी चोरी हो चुकी है। उस वक्त चोरी करने वालों का पता नहीं चला था।

## महर्षि पाणिनी विवि के दीक्षांत समारोह में शिवानी ने मेरिट सूची में पाया सातवां स्थान

**उज्जैन।** महर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शिवानी शर्मा ने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रतिभा का प्रदर्शन कर प्रावीण्य सूची में जगह बनाई है। शिवानी ने एमए संस्कृत के अंतर्गत ज्योतिर्विज्ञान में 86.8 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण कर मेरिट में सातवां स्थान प्राप्त किया है। मंगलवार 30 जून को आयोजित इस दीक्षांत समारोह में शिवानी को उनकी इस विशेष उपलब्धि पर राज्यपाल और विश्वविद्यालय के कुलगुरु द्वारा मेरिट सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## बिना दहेज निकाह करने वाले दूल्हों को 10 हजार की प्रोत्साहन राशि

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी भारत रत्न खान अब्दुल गफ्फार खान की स्मृति में जामा मस्जिद स्कूल कम्युनिटी हॉल में 27वां निशुल्क सामूहिक निकाह और एजाजी जलसा आयोजित किया गया। सर सैयद अहमद वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में बिना दहेज शादी करने वाले दूल्हों को संस्था की ओर से 10-10 हजार रुपए की नकद प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई। निकाह नायब काजी नवेद दस्तगीर ने मुकम्मल कराया। संस्था के संयुक्त सचिव नासिर मंसूरी और मार्गदर्शक हाजी इस्माइल खान ने बताया कि कार्यक्रम में शहर की 11 शख्सियतों को 'खान अब्दुल गफ्फार खान खिदमत-ए-खल्क अवार्ड' से नवाजा गया। इनमें डॉ. तेज कुमार मालवीय, भूरु खलीफा, सोनू सिंह आनंद, गंगाधर महा, युवा अधिवक्ता समीर खान, जाहिद नूर एडवोकेट, समाजसेवी सईद अंसारी, शिक्षाविद सादिक मंसूरी, डॉ. सउद नागोरी, इरशाद कुरैशी और नासिर हुसैन शामिल हैं।

मारपीट का सामने आया वीडियो, केस दर्ज

## क्षिप्रा आरती द्वार पर पुजारी-महिला के बीच विवाद

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**



रामघाट पर क्षिप्रा आरती के दौरान पुजारी और महिला के बीच विवाद का वीडियो सामने आया है। पुजारी द्वारा आरती दीपक से मारपीट की गई। महिला को बचाने आई बेटी को भी मारा गया। मामले में महाकाल पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर केस दर्ज किया है।

क्षिप्रा नदी रामघाट चौकी के सामने आरती द्वार पर हुई मारपीट 28 जून की शाम की है। जिसका वीडियो मंगलवार को सामने आया। वीडियो में 2 पुजारी और उनका एक साथी 2 महिला और एक युवती से मारपीट करते दिखाई दे रहे थे। पुजारी द्वारा आरती दीपक से मारपीट की जा रही थी। वीडियो सामने आने पर महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि मामले में दोनों पक्ष से शिकायत दर्ज कर जांच की जा रही है। एक पक्ष से उमा पति सुरेश यादव 20 साल निवासी तिलकेश्वर कालोनी और दूसरे पक्ष से विकास पिता शशिकांत शर्मा बिलोटीपुरा दानीगेट फरियादी है। उमा यादव का कहना था कि वह रामघाट पर मम्मी ममता पति आसाराम परमार के साथ दीपक बेचने का काम करती है। आरती के दौरान मम्मी के साथ दीपक बेच रही थी उसी दौरान पंडित गणेश गुरू ने दीपक बेचने से मना किया और मारपीट शुरू कर दी। मम्मी और क्षिप्रा मराठा बीच बचाव करने आई तो गणेश गुरू के साथी विकास शर्मा और एक अन्य आ गये। तीनों ने आरती दीपक से मारपीट कर गाली गलौच की। वहीं विकास शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई कि भाई गणेश शर्मा के साथ पंडिताई करता हूं। दीपक, हार-फूल बेचने वाली महिलाएं आ गई थी। मना किया तो गाली-गलौच करने लगी और थप्पड़ मुक्कों से मारपीट की।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com